# समवेत शिखर

36 वां स्थापना वर्ष

वर्ष-36 अंक-321 | रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com


## फर्स्ट कालम

### प्रधानमंत्री के देहरादून आगमन की तैयारियां तेज

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित देहरादून भ्रमण एवं दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस हाईवे के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी (डीएम) सविन बंसल नियमित रूप से इस वीवीआइपी भ्रमण कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर तैनात सभी जोनल, सेक्टर एवं नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए समयबद्ध सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दे रहे हैं। प्रधानमंत्री एक्सप्रेस वे के उद्घाटन के बाद देहरादून के गढ़ी कैंट क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### 'उन्नत कृषि महोत्सव' खेती की सूरत बदलने वाला ऐतिहासिक कदमः शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के 'उन्नत कृषि महोत्सव' को खेती की सूरत बदलने वाला ऐतिहासिक कदम बताया है। यहां आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का मूल विजन देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और खेती पर निर्भर 46 प्रतिशत आबादी की आय बढ़ाना है। केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि अब लक्ष्य केवल अनाज पैदावार तक सीमित नहीं है, बल्कि दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भरता और जनता को संतुलित पोषण देना है।

### चुनाव आयोग ने बंगाल में 149 पुलिस अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी से हटाया

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल पुलिस व्यवस्था में एक नये फेरबदल के तहत 81 पुलिस निरीक्षकों और 68 उप-निरीक्षकों को चुनाव संबंधी सभी कर्तव्यों से हटाने का आदेश दिया है। निर्वाचन निकाय ने स्पष्ट किया है कि ये अधिकारी अब प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चुनावी प्रक्रिया के किसी भी पहलू से नहीं जुड़ेंगे। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, हटाए गए निरीक्षकों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं और उन्हें शुक्रवार शाम 5 बजे तक अपने संबंधित पदों पर कार्यभार संभालना होगा।

### एआईएमआईएम ने पश्चिम बंगाल में हुमायूं कबीर से तोड़ा नाता

**कोलकाता/हैदराबाद।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले एक बड़े राजनीतिक घटनाक्रम में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने शुक्रवार को आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर के साथ अपना गठबंधन तोड़ने की घोषणा की है। यह कदम हुमायूं कबीर से जुड़े विवादों और उन पर लगे आरोपों के बाद उठाया गया है। एआईएमआईएम का कहना है कि इन विवादों ने राज्य में मुसलमानों की अखंडता और प्रतिनिधित्व को लेकर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

### त्रिपुरा में होने वाले एडीसी चुनावों के मद्देनजर सुरक्षा बलों की 24 कंपनियां तैनात

**अगस्तला।** त्रिपुरा में रविवार को होने वाले स्वायत्त जिला परिषद (एडीसी) चुनावों के मद्देनजर पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।चुनावों के लिए प्रचार अभियान शुक्रवार शाम को थम जायेगा। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए राज्य को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 24 कंपनियां (लगभग 2,400 जवान) को तैनात किया गया है।

### मणिपुर में बीएसएफ जवान शहीद

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल के एक जवान की गोली लगने से मौत हो गई। मोंगकोट चेपू इलाके में गश्त के दौरान कॉन्स्टेबल मिथुन मंडल को गोली लगी। गोली उनके कंधे से आर-पार हो गई। उन्हें इलाज इंफाल ले जाया गया, जहां शाम करीब 6 बजे उनकी मौत हो गई।

---

**वृंदावन में हादसा : लुधियाना से 30 श्रद्धालुओं का ग्रुप वृंदावन घूमने आया था**

# पैंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलटी नाव, 30 लोग डूबे, 10 की मौत

**वृंदावन/मथुरा (ए)।** यूपी के मथुरा में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। लुधियाना से वृंदावन घूमने आए 30 श्रद्धालुओं से भरी नाव यमुना नदी में पलट गई। जिससे सभी श्रद्धालु नदी में डूब गए। श्रद्धालुओं की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बचाने के लिए दौड़े। पुलिस और गोताखोर भी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में राहत बचाव कार्य शुरू कराया गया। अभी तक 10 लोगों के शवों को बरामद किया जा चुका है, जबकि 15 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। पांच लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश के लिए रात बचाव कार्य जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मृतकों के प्रति गहरा शोक जताया है।





शुक्रवार को पंजाब के लुधियाना से 30 श्रद्धालुओं का ग्रुप वृंदावन घूमने आया था। सभी श्रद्धालु यमुना नदी के भ्रमण के लिए नाव पर सवार हो गए। आम दिनों के मुकाबले शुक्रवार को हवा काफी तेज चल रही थी। बताते हैं कि करीब पौने तीन बजे हवा के चलते नाव का संतुलन बिगड़ गए। जिससे नाव पैंटून पुल से टकरा गई और यमुना नदी में पलट गई। नाव में सवार सभी श्रद्धालु भी यमुना नदी में गिर गए। पानी में गिरते ही श्रद्धालुओं ने चीख-पुकार शुरू कर दी। नदी में श्रद्धालुओं के डूबने की खबर से आसपास के लोग उन्हें बचाने के दौड़े।

**मृतकों की सूची :** मरने वालों में छह महिला और चार पुरुष शामिल हैं। इनमें आशा रानी पत्नी अर्जुन मिड्डा मिवासी भिवाड़ी हरियाणा, पिंकी पत्नी चरणजीत, कविता पत्नी विजय कुमार, मीनू, अंजू पत्नी राकेश गुलाटी, चरणजीत, रिकेश गुलाटी, मधुर बहल, इसान कटारिया, सपना निवासी जगराव पंजाब शामिल हैं।

**राहत-बचाव कार्य जारी :** पुलिस और गोताखोरों ने भी आनन-फानन में राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया। तब तक सभी लोग गहरे पानी में समा चुके थे। हालांकि गोताखोरों ने 15 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया, लेकिन 10 लोगों की मौत हो गई। बाकी पांच लोगों की भी तलाश के लिए गोताखोरों का राहत बचाव अभियान जारी रहा। 10 लोगों की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई। एसडीएम ऋतु सिरोही ने हादसे की वजह ओवरलोड बताया। उन्होंने कहा, नाव पर जरूरत से ज्यादा लोग सवार थे। अब तक 10 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। यमुना में गोताखोर टीम लापता लोगों की तलाश कर रही है।

हादसे के बाद मौके पर पुलिस और प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे। डीएम, एसएसपी और डीआईजी ने मौके का जायजा लिया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया स्थानीय गोताखोरों की मदद से राहत कार्य जारी है। एनडीआरएफ और सेना को भी बुलाया गया है। अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया गया है। सभी घायलों का मुफ्त में इलाज कराया जाएगा।

**सीएम योगी ने लिया हादसे का संज्ञान :** मथुरा में हुए हादसे का सीएम योगी ने भी संज्ञान लिया है। सीएम योगी ने हादसे का दुख जताते हुए सभी अफसरों को आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा, घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाकर उनका इलाज शुरू कराया जाए।

---

# बंगाल में सरकार बनने पर महिलाओं व बेरोजगार युवाओं को 3 हजार रुपए महीना देगी भाजपा

### अमित शाह ने बंगाल के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया



**कोलकाता (ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणा पत्र %भरोसे का पत्र% जारी किया, जिसमें महिलाओं के लिए योजनाओं की भरमार है। इसमें महिलाओं को 3 हजार महीना, युवा बेरोजगारों को 3 हजार महीना की मदद, पहले 6 महीने में यूसीसी लागू करना और सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतनमान देने की घोषणा की गई।

श्री शाह ने इस घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है। उन्होंने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने पर राज्य में मजबूत, सक्षम और योग्य मुख्यमंत्री को नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने यह भी साफ किया मुख्यमंत्री बंगाल से ही होगा। इसके साथ ही संकल्प पत्र में कुर्माली और राजबोंगशी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की पहल का वादा किया गया है।

श्री शाह ने घोषणा पत्र जारी करते हुए अपने संबोधन में कहा कि भाजपा राज्य में एक सशक्त स्थानीय नेतृत्व देने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में 'विश्वास का युग' लाने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बंगाल का ही होगा और केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय में काम करेगा। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन का लक्ष्य रखते हुये 'संकल्प पत्र' में रोजगार, महिला सशक्तिकरण, कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित एक व्यापक रोडमैप पेश किया है।

भाजपा ने घोषणा पत्र में अगले पांच वर्षों में एक करोड़ रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने का वादा किया है। इसके साथ ही राज्य के बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपये की छात्रवृत्ति देने का भी ऐलान किया गया है। भाजपा ने महिलाओं के लिए हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण और महिला पुलिस बटालियन व %दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड% के गठन का वादा किया गया है। गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये की सहायता और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का वाद किया गया है। भाजपा के घोषणा पत्र में किसानों का भी ध्यान रखा गया है। इसमें धान, आलू और आम की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ मछुआरों को पीएम मत्स्य संपदा योजना से जोड़ने का वादा किया गया है, जिससे बंगाल को प्रमुख मछली निर्यातक राज्य बनाने की योजना है।

### भाजपा और हुमायूं नॉर्थ पोल- साउथ पोल जैसेः शाह

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पूर्व टीएमसी नेता हुमायूं कबीर के भाजपा से डील वाले वायरल वीडियो पर शुक्रवार को अमित शाह ने जवाब दिया। शाह कोलकाता में भाजपा का संकल्प पत्र लॉन्च करने पहुंचे थे। प्रेस कांफ्रेंस में उनसे हुमायूं के दावे पर सवाल हुआ। शाह ने जवाब दिया कि आप ममता जी की क्षमताओं से अनजान हो। वह ऐसे 2000 वीडियो बनवा सकती हैं। हुमायूं कबीर और भाजपा नॉर्थ पोल और साउथ पोल की तरह हैं। हम कभी साथ नहीं आ सकते। हम उन लोगों के साथ बैठने के बजाय अगले 20 साल तक विपक्ष में बैठना पसंद करेंगे जो बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाते हैं।

---

# महिला आरक्षण संशोधन जल्दबाजी में लाया जा रहा सरकार आचार संहिता का उल्लंघन कर रही: खरगे

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि सरकार महिला आरक्षण संशोधन और लोकसभा में सीटें बढ़ाने की बिल जल्दबाजी में ला रही है।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान संसद सत्र बुलाना अचार संहिता का उल्लंघन है। सरकार बिल को जल्द से जल्द पास कराना चाहती है, ताकि आने वाले विधानसभा चुनावों में इसका फायदा मिल सके।

आज दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की इस मुद्दे पर बैठक हुई। इसमें खड़गे ने कहा कि अब तक सरकार की ओर से कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है।



जानकारी सिर्फ प्रधानमंत्री के लेटर के जरिए सामने आई है। लंबे समय तक चुप रहने के बाद अब अचानक इस मुद्दे पर सक्रियता दिखाई जा रही है। सरकार ने 16 से 18 अप्रैल तक संसद का सत्र बुलाया बुलाया है। इस दौरान संविधान संशोधन बिल लाने की तैयारी है। सरकार महिलाओं को 33% आरक्षण देने के साथ लोकसभा और विधानसभा सीटों में 50त्न तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव ला सकती है। इसके तहत लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 816 हो जाएगी।

सीडब्ल्यूसी के बैठक में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, सचिन पायलट, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी समेत कई नेता मौजूद रहे। सरकार 2029 के चुनाव से महिला आरक्षण लागू करना चाहती है। सीटों की संख्या बढ़ाकर इसका असर चुनावी गणित पर पड़ेगा। कांग्रेस इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के साथ मिलकर रणनीति बनाएगी और एकजुट होकर आगे बढ़ेगी।

---

### शांति से 15,000 देते रहो, खुश रहो सुप्रीम कोर्ट ने पत्नी से 16 साल से अलग रह रहे पति से कहा

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल से पत्नी से अलग रह रहे 54 साल के एक व्यक्ति को तलाक देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वह अपनी पत्नी को 15,000 मासिक गुजारा भत्ता देता रहे और अगर तलाक चाहिए तो स्थायी गुजारा भत्ते का ठोस प्रस्ताव दे। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि 15,000 आज के समय में बहुत कम राशि है। कोर्ट ने साफ कहा कि शांति से 15,000 देते रहो, खुश रहो। इससे पहले हाईकोर्ट ने भी इस व्यक्ति की तलाक याचिका खारिज कर दी थी। पति-पत्नी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। पति के वकीलन्मैं पिछले 16 साल से पत्नी से अलग रह रहा हूं। हर महीने 15,000 दे रहा हूं। मेरी सैलरी 65,000 है, इससे ज्यादा देने की स्थिति में नहीं हूं। सुप्रीम कोर्ट कि अगर आप स्थायी गुजारा भत्ते के लिए कोई उचित रकम प्रस्तावित करते हैं, तो तलाक पर विचार किया जा सकता था। आप अपनी पत्नी को साथ क्यों नहीं रख सकते।

---

# नीतीश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली (ए)।** बिहार से राज्यसभा के लिए नवनिर्वाचित सदस्य नीतीश कुमार ने शुक्रवार को संसद भवन में सदन की सदस्यता की शपथ ली।



राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने जनता दल यू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शपथ दिलाई। श्री कुमार ने हिंदी भाषा में शपथ ली। वह राज्यसभा के लिए हाल ही में हुए द्विवार्षिक चुनाव में उच्च सदन के लिए चुने गये थे।इस अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा , विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद जयराम रमेश, राजीव शुक्ला, संजय कुमार झा, राजीव प्रताप रूडी, राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी और राज्यसभा सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।श्री कुमार के जल्द ही बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की संभावना है। इसके साथ ही श्री कुमार एक बार फिर से राज्य की राजनीति छोड़कर केन्द्र की राजनीति में पारी शुरू करने जा रहे हैं। बिहार की बागडोर संभालने से पहले श्री कुमार केन्द्र में मंत्री रह चुके थे।

### हरिवंश ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के निवर्तमान उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शुक्रवार को सदन की सदस्यता की शपथ ली। जनता दल यू के वरिष्ठ नेता श्री हरिवंश का राज्यसभा में दूसरा कार्यकाल गुरुवार को ही समाप्त हुआ था और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें आज ही उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था।

---

# जस्टिस यशवंत वर्मा का इस्तीफा

**प्रयागराज (ए)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को इस्तीफा भेज दिया है। 14 मार्च 2025 को उनके दिल्ली स्थित सरकारी घर में आग लगने के दौरान 500-500 के नोटों के बंडल जले मिले थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।



उन्होंने 5 अप्रैल 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली थी, लेकिन उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी। मामले की जांच पूरी होने तक उन्हें न्यायिक कामों से दूर रखा गया था। जस्टिस वर्मा ने 9 अप्रैल को इस्तीफा भेजा था, लेकिन न्यूज एजेंसी ने अगले दिन, यानी 10 अप्रैल को इसकी जानकारी दी। जस्टिस वर्मा के इस्तीफे की कॉपी 'बार एंड बेंच' ने पब्लिश की है। इसमें 9 अप्रैल की तारीख लिखी है।

---

# होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क लेना बंद करे ईरान : ट्रंप

**वाशिंगटन डीसी (ए)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क लेना बंद करने को कहा।



राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, ऐसी खबरें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क ले रहा है - उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वे ऐसा कर रहे हैं, तो उन्हें तुरंत बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल की आवाजाही की अनुमति देकर बहुत ही खराब काम कर रहा है, कुछ लोग इसे अपमानजनक कहेंगे। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, 'यह हमारे समझौते के अनुरूप नहीं है।'

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति पाकिस्तान रवाना

ईरान के साथ अहम बातचीत के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पाकिस्तान रवाना हो गए हैं। रवाना होते वक्त उन्होंने कहा कि ईरान ईमानदारी से बातचीत करे और कोई 'खेल' न खेले। वेंस ने कहा कि अगर तेहरान गुड फेथ में बात करेगा, तो अमेरिका भी खुले तौर पर बातचीत के लिए तैयार है।

---

### मुंबई एयरपोर्ट पर ?38 करोड़ का 29.37 किलो सोना जब्त

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर बुधवार को 29.37 किलो सोने के साथ 24 केन्याई महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने इनसे ?37.74 करोड़ का सोना जब्त किया है। महिलाएं सोना कपड़ों और बैग में छिपाकर ला रही थीं।

डीआरआई को इनपुट मिला था कि केन्या के नैरोबी से आने वाली कुछ महिला यात्री सोना लेकर मुंबई पहुंचेंगी। इसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर 'धहाबू ब्लिट्ज' ऑपरेशन चलाकर संदिग्ध यात्रियों को रोका गया।

---

# गगनयान मिशन का दूसरा क्रू मॉड्यूल टेस्ट सफल

**श्रीहरिकोटा (ए)।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी में बड़ी कामयाबी मिली है। इसरो ने गुरुवार को दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया।

यह टेस्ट गगनयान मिशन के लिए तैयार किए गए पैराशूट सिस्टम की असली परिस्थितियों की जांच करने के लिए किया गया। इसका मकसद गगनयान मिशन से पहले पैराशूट खुलने के प्रोसेस को चेक करना था। ये प्रोसेस मिशन के समय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी तय करेगा। टेस्ट के दौरान लगभग 5.7 टन वजनी डमी क्रू कैप्सूल



को वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 3 किमी की ऊंचाई से छोड़ा गया। कैप्सूल ने समुद्र में सेफ लैंडिंग की। पिछले 8 महीनों में क्रू कैप्सूल का यह दूसरा एयर ड्रॉप टेस्ट है। पहला टेस्ट 24 अगस्त 2025 को किया गया था। इंडियन एयर फोर्स के चिनूक हेलिकॉप्टर से क्रू मॉड्यूल को हवा में ऊपर ले जाया गया।

---

**एयरफोर्स** » कंपनी ने सोर्स कोड देने से इनकार किया

# 114 नए राफेल स्वदेशी मिसाइलों से लैस होंगे, 18 जेट फ्रांस में, 96 भारत में बनेंगे

**नई दिल्ली (ए)।** भारत फ्रांस से 114 नए राफेल फाइटर जेट खरीद रहा है। 18 जेट फ्रांस में, 96 भारत में बनेंगे। इन जेट्स को स्वदेशी मिसाइलों और हथियार सिस्टम से लैस किया जाएगा।

एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरफेस कंट्रोल डॉक्यूमेंट के जरिए राफेल जेट और स्वदेशी हथियार आपस में कैसे जुड़ेंगे यह तय किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय अगले महीने राफेल फाइटर जेट बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी करेगा। इसके बाद कॉन्ट्रैक्ट पर बातचीत शुरू होगी। इस सौदे को फेंस एक्विजिशन काउंसिल ने 12 फरवरी को मंजूरी दी थी। 114 में से 18 राफेल जेट्स फ्रांस से फ्लाई-अवे कंडीशन में मिलेंगे। बाकी 96 जेट्स भारत में बनाए जाएंगे, जिसमें 25त्न कलपुर्जे स्वदेशी होंगे। रिपोर्ट्स में कहा गया कि फ्रांस सोर्स कोड देने को तैयार नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, कोई भी देश अपने फाइटर जेट का सोर्स कोड साझा नहीं करता। यही कोड रडार, इलेक्ट्रॉनिक



वॉरफेयर, टारगेट ट्रैकिंग और हथियार सिस्टम को कंट्रोल करता है, इसलिए इसे साझा नहीं किया जाता। हालांकि, डील पर इसका असर नहीं है। एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को रूस ने 5th जनरेशन सुखाई-57 फाइटर जेट के दो स्क्वाड्रन देने की पेशकश की है। वह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ मिलकर सुखाई-30 एमकेआई जेट्स को अपग्रेड भी कर रहा है।

### एयरफोर्स ने सितंबर 2025 में मांग की थी

एयरफोर्स ने सितंबर 2025 में 114 अतिरिक्त राफेल जेट की मांग रक्षा मंत्रालय को भेजी थी। एयरफोर्स के पास पहले से 36 राफेल विमान है, जबकि नौसेना ने 26 मरीन वेरिएंट राफेल का ऑर्डर दिया है। अधिक संख्या में एक ही प्लेटफॉर्म होने से रखरखाव लागत कम होगी। अंबाला एयरबेस पर राफेल का ट्रेनिंग और स्न्नह्र (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल) सेंटर पहले से चालू है। एयरफोर्स के पास तुरंत दो स्क्वाड्रन (36-38 विमान) शामिल करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चस्त्र;र, स्पेयर पार्ट्स और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद है। 114 राफेल की डील पूरी होने के बाद भारत के बेड़े में राफेल विमानों की संख्या 176 हो जाएगी। हालांकि अभी इसमें थोड़ा वक्त लग सकता है। एयरफोर्स पहले ही 36 राफेल विमानों को शामिल कर चुकी है। भारतीय नौसेना ने 26 राफेल मरीन का ऑर्डर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुभव तिवारी ने बढ़ाया दुर्ग शहर का गौरव, प्रधानमंत्री से करेंगे सीधा संवाद

**दुर्ग।** शहर के कादम्बरी नगर निवासी अजय कुमार तिवारी के ज्येष्ठ पुत्र अनुभव तिवारी (बी.ई. सिविल) ने अपनी प्रतिभा से दुर्ग सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।



अनुभव का चयन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित प्रतियोगिता च्माय भारत बजट क्वेस्टज्ज में हुआ है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से 12 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया था, जिनमें से चयनित प्रतिभागियों में अनुभव तिवारी का नाम शामिल होना शहर के लिए गर्व की बात है। विशेष उपलब्धि यह है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ च्विकसित भारतज्ज विषय पर सीधे संवाद के लिए आमंत्रित किया गया है। यह गौरवपूर्ण कार्यक्रम 12 एवं 13 अप्रैल 2026 को नया रायपुर स्थित आईआईटी भवन में आयोजित होगा, जिसमें राज्य के माननीय मुख्यमंत्री की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उल्लेखनीय है कि अनुभव तिवारी इससे पूर्व भी अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। उन्हें रक्षा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस समारोह में दो बार सम्मानित किया जा चुका है। अनुभव की इस उपलब्धि पर ब्राह्मण समाज के गणमान्य नागरिकों सहित शहरवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनके पिता अजय तिवारी जनपद पंचायत दुर्ग में वरिष्ठ कर्मचारी हैं, वहीं उनके छोटे भाई अभिनव तिवारी सीए की पढ़ाई कर रहे हैं।

### उपमुख्यमंत्री अरुण साव अटल परिसर का करेंगे लोकार्पण 12 को

**थान खम्हरिया।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव 12 आपैल रविवार को नगर पंचायत द्वारा आयोजित लगभग 10 करोड़ से अधिक के धिकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे,कार्यक्रम अति विशिष्ट अथिथि के रूप मे साजा विधायक ईश्वर साहू उपस्थित रहेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल करेंगे विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रहलाद रजक अध्यक्ष रजत कल्याण बोर्ड,जितेन्द्र साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड तथा बेमेतरा भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू उपस्थित रहेंगे।उपमुख्यमंत्री अटल परिसर का लोकार्पण सहित विभिन्न कार्तयोनके लोकार्पण तथा मुक्तिधाम मे अहाता निर्माण की आधारशिला सहित अन्य विकास कार्यो का भूमिपूजन करेंगे।इस आवसर पर सुबह 11 बजे रिंकी देवांगन की ÷रंग झरोखा÷छत्तीसगढी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोज न किया गया है।उपमुख्यमंत्री अरूण साव इसी दिन दोपहर 01बजे तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम बनरांका भे आयोजित कर्मा जयंती समारोह मे भी शिरकत करेंगे।

### विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति भुगतान के लिए आधार सीडेड खाता अनिवार्य

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के समस्त शालाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाना है। शासन द्वारा लिए गए इस निर्णय के तहत विद्यार्थियों के बैंक खातों का आधार से सीडेड होना अनिवार्य किया गया है। जिले में राज्य छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अब तक 37 हजार 599 विद्यार्थियों का आधार सीडिंग कार्य पूर्ण किया जा चुका है। हालांकि, संस्थाओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनेक विद्यार्थियों के बैंक खातों में अभी भी आधार सीडिंग नहीं होने की स्थिति सामने आई है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिले के सभी शाखा प्रबंधकों एवं डाक विभाग को निर्देशित किया है कि वे विद्यालयों में शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के निःशुल्क आधार सीडेड बैंक खाते खोलें। साथ ही जिन विद्यार्थियों के खातों में आधार सीडिंग नहीं हुई है, उनके खातों को शीघ्र आधार से लिंक किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि इस कार्य को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रदायित छात्रवृत्ति राशि का लाभ समय पर मिल सके।

## निधन



### नागेन्द्र सिह

**थानखम्हरिया।** स्थानीय निवासी नागेन्द्र सिंह (57 वर्ष) का 9 अप्रैल की शाम हृदयाघात से दुखद निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में आज सुबह किया गया। वे सेवानिवृत्त प्रधानपाठक महाबल सिंह के पुत्र थे। अपने पीछे पुत्रों आशीष और अभिषेक का परिवार छोड़कर चल बसे उनके अंतिम संस्कार मे गणमान्य नागरीक,रिश्तेदार व परिजन शामिल हुए।

# जिला पंचायत में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

### मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न, जल संरक्षण पर जोर, च्मोर गांव मोर पानी, अभियान के तहत कार्यों में गति लाने के निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता




**दुर्ग।** जिला पंचायत सभा कक्ष, दुर्ग में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में च्मोर गांव मोर पानीज्ज महाअभियान के तहत वर्षा जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि वर्षा की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने के उद्देश्य से जल संग्रहण आधारित कार्यों को अधिक से अधिक स्वीकृत कर शीघ्र पूर्ण किया जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा स्वप्रेरणा से सोक पिट का निर्माण कराया जाए। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत कम लागत एवं प्रभावी परिणाम देने वाले सोक पिट एवं जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता से चयनित कर समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मनरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कार्यों का चयन मांग आधारित हो तथा श्रमिकों को अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार योजना अंतर्गत कार्यरत सभी श्रमिकों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराते हुए उसका समयबद्ध अपलोड सुनिश्चित किया जाए।

समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों की जियो-टैगिंग में तेजी लाने, लंबित प्रस्तावों को नियमानुसार प्रस्तुत कर शीघ्र स्वीकृति प्राप्त करने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत लंबित निकासी बैठकों को शीघ्र आयोजित कर एटीआर (ष्ह्लद्बश्ठ्ठ ञ्जड्डद्मद्गठ्ठ ऋद्गश्चश्रह्म्) अपलोड करने के निर्देश दिए गए। जानकारी अनुसार जिला दुर्ग में 50, जनपद पंचायत पाटन में 16 एवं जनपद पंचायत धमधा में 55 निकासी बैठकें लंबित हैं, जिन्हें तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों में गति लाने तथा मनरेगा के माध्यम से हितग्राहियों को 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## जनगणना 2027 : प्रथम चरण के प्रचार-प्रसार के लिए दुर्ग में व्यापक अभियान शुरू

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता अभियान शुरू कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छत्तीसगढ़ में स्व-गणना का कार्य 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक तथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 मई से 30 मई 2026 तक संपन्न की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य की सफलता के लिए आमजन की जागरूकता और सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

अभियान के तहत कचरा संग्रहण वाहनों में लगाए गए ऑडियो सिस्टम के माध्यम से जनगणना संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इसके अलावा शासकीय कार्यालयों, संस्थानों के एलईडी डिस्प्ले एवं नोटिस बोर्ड पर जनगणना से जुड़े वीडियो, स्लोगन और अन्य जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और ट्रैफिक सिग्नलों पर भी सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के जरिए आम नागरिकों तक संदेश पहुंचाया जाएगा। वहीं स्थानीय केबल नेटवर्क और जिला स्तरीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर भी व्यापक स्तर पर जानकारी साझा की जाएगी।

इसके साथ ही प्रिंट मीडिया, होर्डिंग्स, बैनर आदि के माध्यम से स्कूलों, बस स्टैंड, ग्राम पंचायतों सहित सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंच सके। प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समयसीमा को ध्यान में रखते हुए सभी गतिविधियों को त्वरित और प्रभावी ढंग से संचालित करें, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के आयोजन से ग्रामीणों को मिला लाभ



### आकांक्षी विखं बोड़ला में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हुए अनेक कार्यक्रम

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत विकासखंड बोड़ला में स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत सीईओं श्री अभिषेक अग्रवाल ने बताया की जागरूकता गतिविधियाँ के आयोजन में विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान ए.एन.सी. जांच, बाल वृद्धि निगरानी एवं अनुपूरक पोषण पंजीकरण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान की जा रही है। साथ ही गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं आमजन को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि आकांक्षी विकासखंड बोडला में संपूर्णता अभियान 2.0 संचालित है। इस दौरान विभिन्न विभाग अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं से स्थानीय समुदाय को लाभान्वित कर रहे है। स्वास्थ्य शिक्षा पोषण जैसे महत्वपूर्ण कारकों के द्वारा स्थानीय समुदाय को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का काम हो रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना एवं समुदाय को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार के रूप में रेडी टू ईट का वितरण किया गया तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजन परोसा गया।

## अवैध खनन परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 7 वाहन जब्त

### एक सप्ताह मे राजस्व व खनिज विभाग की दूसरी बड़ी कार्रवाई

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** बेमेतरा कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग व राजस्व विभाग द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। तहसील थान खम्हरिया क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम टिपनी में प्राप्त शिकायत के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर अलग अलग कार्रवाई मे 7 नग वाहन की जप्ति कार्रवाई की गयी है।

पंचगणों की उपस्थिति में हुई इस कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलग्न 1 जेसीबी और 2 हाईवा वाहनों को पकड़ा गया। इसके अलावा रेत एवं चुनापत्थर गिट्टी से भरे 2 हाईवा वाहनों को जब्त कर थाना थान खम्हरिया में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। एक अन्य प्रकरण में रेत एवं मुरूम से भरे 2 अन्य हाईवा वाहनों को जब्त कर थाना बेमेतरा में रखा गया है।इस प्रकार कुल 7 वाहनों को जब्त कर संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।इस कार्रवाई मे जिला खनिज अधिकारी रोहित साहू,अनुविभागीय अधिकारी साजा पिंकी मनहर तथा नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू शामिल थे।



थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे शासकीय व निजी जमीन पर अवैध खनन व परिवहन की लम्बे समय से शिकायते चल रही थी। पिछले शनिवार 4 अपैल को जिला खनिज अधिकारी रोहित साहू व नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू ने संयुक्त रूप से समीपस्थ ग्राम जेवरा मे अवैध खनन व परिवहन करते 01जेसीबी व 2 हाईवा वाहन की जप्ती कार्यवाही की थी जो सिलसिला गुरूवार को भी चला और 7 नग वाहन पर बडी कार्रवाई किया गया।

इस कार्रवाई से जिले भर मे माफियाओ के हौसले पस्त हो गये है।प्रदेश स्तर पर खनिज संपदा की संरक्षण हेतु आरोपीयो को पकडने संयुक्त टीम का गठन भी किया गया है जिसमे खनिज,राजस्व,परिवहन,वन तथा पुलिस विभाग शामिल है।प्रतिदिन सुबह 5 बजे से थान खम्हरिया व कबीरथाम जिले की ओर दर्जनो विहन बगैर रायल्टी पर्ची व परिवहन आदेश के रेत भरी हाईवा गुजरती है जिसके वाहन चालको के पास लायसेंस तक नही होता जिस पर भी कडी कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## गरीब विधवा व वृद्धों को पेंशन से वंचित करने का आरोप, उप नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष विजयंत पटेल ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले करीब पांच महीनों से गरीब विधवा एवं वृद्धों को मिलने वाली मासिक पेंशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने इसे गरीबों के हितों पर सीधा आघात बताया है। पटेल के अनुसार, गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले हितग्राहियों को प्रतिमाह 500 की पेंशन मिलती थी, जिससे वे अपनी दवाइयों और इलाज का खर्च उठाते थे। पेंशन बंद होने से विशेषकर 80 से 90 वर्ष तक के बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई वृद्धजन पेंशन की मांग को लेकर नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं और जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप रहे हैं, इसके बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।



उन्होंने यह भी कहा कि पेंशन योजनाओं में 2007-08 की गरीबी रेखा सूची को अनिवार्य किए जाने से बड़ी संख्या में पात्र लोग वंचित रह जा रहे हैं। कई ऐसे परिवार हैं जो वास्तव में गरीब हैं, लेकिन पुरानी सूची में नाम नहीं होने के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पटेल ने सवाल उठाते हुए कहा कि गरीबी रेखा का सर्वे वर्ष 2007-08 में किया गया था, जिसकी वैधता अब समाप्त हो चुकी है। नियमानुसार हर 10 वर्षों में नया सर्वे होना चाहिए, लेकिन लगभग 18 वर्ष बीत जाने के बावजूद नया सर्वे नहीं कराया गया है। उन्होंने इसे सरकार की उदासीनता और लेटलतीफी का परिणाम बताया। अंत में उन्होंने सरकार से मांग की है कि पेंशन वितरण जल्द शुरू किया जाए और गरीबी रेखा की नई सूची तैयार कर वास्तविक जरूरतमंदों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए, ताकि गरीब, विधवा एवं वृद्धों को राहत मिल सके।

## 12वीं बोर्ड की हिन्दी पेपर के रिएग्जाम में परीक्षार्थी बेमन से हुए शामिल

### तहसील क्षेत्र के दर्जन भर परीक्षा केन्द्र में हिन्दी पेपर हुआ

समवेत शिखर संवाददाता



**थान खम्हरिया।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 12वीं कक्षा की हिंदी परीक्षा आज कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच दोबारा आयोजित किया गया,पेपर लीक की घटना के बाद रद्द की गई इस परीक्षा को लेकर इस बार बोर्ड ने हाई-टेक सुरक्षा व्यवस्था लागू की थी थान खम्हरिया सहित तहसील क्षेत्र के बनरांका, खाती, खैरझिटीकला, कारेसरा, हाटरांका, ठेलका तथा कन्हेरा जैसे दर्जन भर परीक्षा केन्द्र मे आज सेकण्ड इनिंग पेपर आयोजित किये गये इसके लिए नगर मे दो परीक्षा केन्द्र बालक हायर सेकेंडरी स्कूल तथा भारत माता कन्या उच्चतर माध्यमिक शालाए के दो केन्द्रो मे समीपस्थ ग्राम कोपेडबरी व दर्री के परीक्षार्थी शामिल हुए। सुबह 9 बजे से शुरू हुई यह परीक्षा दोपहर 12:15 बजे तक चली जिसमे परीक्षार्थियों ने अनमने ढंग से परीक्षा मे शामिल हुए।विदित हो पिछले 14 मार्च को कक्षा 12 वी की हिन्दी पेपर आयोजित हुए थे जिसका बी-सेट 13 मार्जिच को शोसल प्लेट फार्म पर पेपर लीक हो जाने के कारण बोर्ड ने रद्द कर दिया गया था।

सनद रहे प्रदेश भर मे आज माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 12 बोर्ड की हिन्दी पेपर का रिएग्जाम आयोजित किया जो तहसील क्षेत्र मे सुचारू व्यवस्था के बीच संपन्न हो गया। सभी गोपनीय सामग्री को तक्क लॉक युक्त कंटेनरों में भेजा गया था साथ ही प्रश्न पत्रों के पैकेट में वन टाइम लॉक सिस्टम लागू किया गया था, जिसे केवल अधिकृत अधिकारियों की उपस्थिति में ही खोला ज। समन्वय केंद्रों पर वीडियो कॉल के माध्यम से पार्टी ऑफिसर, नोडल अधिकारी और प्रभारी की मौजूदगी में लॉक खोला गया जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

आज इन सुरक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों के अध्यक्षों और संबंधित अधिकारियों पर भी सख्त निगरानी रखी गयी थी जिला शिक्षा अधिकारी जी आर चतुर्वेदी स्वयं जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो का सतत मानीटरिंग करते रहे। परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी उपयोग किए गए लॉक को जिला शिक्षा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य कर दिया गया था।आज परीक्षा केन्द्र मे परीक्षार्थियों के चेहरे मे उदासी जरूर दिखी परंतु हिन्दी पेपर सरल आने के कारण संतुष्टि की बाते भी परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओ ने बतारी है।इस प्रकार आज पेपर संपन्न होने के बाद परीक्षार्थीयो ने राहत महसूस किया है।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की प्रथम परिचयात्मक बैठक हुई, संगठन मजबूती पर मंथन





समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) मोर्चा की घोषणा के बाद पहली परिचयात्मक बैठक जिला भाजपा कार्यालय, दुर्ग में संपन्न हुई। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने की।

बैठक में नव-नियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का परिचय कराया गया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री दिलीप साहू, उपाध्यक्ष मनोज सोनी, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, आईटी सेल संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश साहू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि ओबीसी मोर्चा संगठन का महत्वपूर्ण अंग है और इसकी सक्रियता से पार्टी की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ गांव-गांव एवं वार्ड-वार्ड तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाएं। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया।वहीं, मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव पिछड़ा वर्ग के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता और अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक को जिला महामंत्री दिलीप साहू ने संगठनात्मक विषयों पर और मीडिया प्रभारी राजा महोबिया ने तकनीकी एवं सोशल मीडिया के उपयोग पर मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष ओ.पी. रजक ने किया। बैठक में विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें दिनेश देशमुख, सुखदेव देवांगन, कमलेश हिरवानी, धर्मेंद्र सोनकर, मलखान सिंह लोधी, भारतेंदु गौतम, संदीप कहार, गौरव मढारिया, रमेश वर्मा, चेतन (चिंटू) सिन्हा सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## भीषण गर्मी में यातायात जवानों को राहत, दुर्ग पुलिस ने बांटे गमछा व पानी की बोतल

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जिले में बढ़ती भीषण गर्मी को देखते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा यातायात में तैनात जवानों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए विशेष पहल की गई। शुक्रवार को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर ड्यूटी कर रहे यातायात पुलिस कर्मियों को धूप से बचाव हेतु सफेद गमछा एवं ठंडा पानी रखने के लिए पानी की बोतल वितरित की गई।




पुलिस प्रशासन द्वारा दी गई इस राहत सामग्री का उद्देश्य तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच लगातार ड्यूटी कर रहे जवानों को गर्मी से बचाव और राहत प्रदान करना है। इस दौरान अधिकारियों ने सभी जवानों को निर्देशित किया कि वे ड्यूटी के दौरान नियमित अंतराल में पानी पीते रहें, अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की अस्वस्थता महसूस होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें। अधिकारियों ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जवानों का स्वस्थ रहना बेहद आवश्यक है। इसलिए उनकी कार्यक्षमता और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए यह पहल की गई है।

### समन्वय से हुआ वितरण कार्य

यातायात पुलिस दुर्ग के अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वय से सामग्री वितरण का कार्य सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया, जिसकी सराहना की जा रही है।

### दुर्ग पुलिस की आमजन से अपील

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि भीषण गर्मी के दौरान अनावश्यक रूप से धूप में बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करें।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच बच्चे पैदा करें आदिवासी, जिनके परिवार में 5 बच्चे नहीं होंगे वे दंडित होंगे : नंद कुमार साय

**रायपुर।** आदिवासी समाज की बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के प्रथम नेता प्रतिपक्ष रहे नंदकुमार साय ने बड़ा और विवादित बयान दिया है। उन्होंने



समाज से अपील करते हुए कहा कि आदिवासी परिवार कम से कम 5 बच्चे पैदा करें। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि जिनके यहां 5 बच्चे नहीं होंगे, उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। साय ने अपने संबोधन में जनगणना को लेकर भी सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान धर्म कोड में 'आदिवासी' ही लिखा जाए। साथ ही उन्होंने आशंका जताई कि इस प्रक्रिया में 'खेल' हो सकता है, इसलिए समाज के लोगों को पूरी तरह जागरूक रहने की जरूरत है। साय ने यह भी कहा कि जनगणना के दौरान बाहरी लोगों की गिनती को लेकर सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने समाज से अपील की कि पूरी प्रक्रिया पर नजर रखें और किसी भी गड़बड़ी की जानकारी सामने लाएं। नंदकुमार साय छत्तीसगढ़ के कद्दावर आदिवासी नेताओं में गिने जाते हैं। वे राज्य के पहले नेता प्रतिपक्ष रहे हैं और लंबे समय तक भाजपा की आदिवासी राजनीति का प्रमुख चेहरा रहे। साय कई बार सांसद भी रह चुके हैं और राष्ट्रीय स्तर पर आदिवासी मुद्दों को उठाते रहे हैं। हालांकि, कांग्रेस की सदस्यता लेने के करीब सात महीने बाद ही उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इस बैठक में समाज के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम भी मौजूद रहे। साथ ही झारखंड से आए प्रतिनिधियों ने भी इसमें हिस्सा लिया। साय के इस बयान के बाद प्रदेश ही नहीं, देशभर में आदिवासी राजनीति गरमाने की संभावना जताई जा रही है।

### महिला से 5.78 लाख की ठगी, ठगों ने खुद को बताया बैंक अधिकारी, खाता बंद होने का झांसा दिया

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक महिला ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर खाता बंद होने का झांसा दिया और व्हाट्सऐप पर लिंक भेजकर महिला का मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद ठगों ने उसके बैंक खातों से करीब 5.78 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक पीड़िता का नाम प्रतीमा मसीह (42) है, जो मोवा स्थित गेलेन्डर विहार में रहती है। फिलहाल पुलिस पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल प्रतीमा मसीह ने शिकायत दर्ज कराई है कि 31 मार्च को उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबरों से कॉल आया। कॉल करने वालों ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए कहा कि उनका खाता बंद हो गया है और उसे चालू कराने के लिए व्हाट्सऐप पर भेजे गए लिंक को खोलना होगा। ठगों के झांसे में आकर महिला ने जैसे ही लिंक ओपन किया, उनका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद आरोपियों ने महिला के यूको बैंक और इंडियन बैंक खातों से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए रकम निकालनी शुरू कर दी। यूको बैंक खाते से करीब 4.58 लाख रुपए और इंडियन बैंक खाते से 1.19 लाख रुपए निकाल लिए गए। इस तरह आरोपियों ने कुल 5,78,821 रुपए की ठगी को अंजाम दिया।

### जीजा ने गमछा से गला घोंटकर साले को मार-डाला, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शराब पीने को लेकर जीजा ने अपने साले की हत्या कर दी। आरोपी ने गमछे से गला घोंटकर वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला उरला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, घनश्याम यादव (30) निवासी ग्राम पल्सीपानी थाना कोमाखान अपने जीजा गोपी उर्फ गोप सिंह बरिहा (45) के साथ कुम्हारी स्थित ईंट भट्टे में काम करता था। 8 अप्रैल को दोनों सिल्तरा स्थित शराब भट्टी पहुंचे। यहां शराब पीने के दौरान आरोपी ने 150 रुपए देकर घनश्याम को शराब लाने भेजा। घनश्याम शराब लेकर आया, लेकिन उसे अकेले ही पी गया। इसी बात को लेकर आरोपी के मन में गुस्सा था। 9 अप्रैल को दोनों नहाने के लिए खारुन नदी गए। इस दौरान घनश्याम शौच के लिए नदी किनारे चला गया। आरोपी उसके पीछे पहुंचा। मौके पर आरोपी ने नदी के मेढ़ से धक्का दे दिया, जिससे घनश्याम नीचे गिरकर बेहोश हो गया। आरोपी को लगा कि वह जिंदा हो सकता है।

# आधुनिक चिकित्सा और पारंपरिक औषधीय ज्ञान के संगम से सशक्त होगा छत्तीसगढ़ का स्वास्थ्य मॉडल : सीएम साय

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को नवा रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित ऑल इंडिया हेल्थ साइंसेज वाइस चांसलर मीट-2026 को संबोधित करते हुए इसे प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर देशभर से आए कुलपतियों, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पहली बार आयोजित इस एकदिवसीय सम्मेलन के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में नवाचारों का व्यापक आदान-प्रदान होगा, जो आने वाले समय में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस मंच से निकले विचार न केवल नीति निर्माण को दिशा देंगे, बल्कि आमजन तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में भी सहायक होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेज, 14 नर्सिंग कॉलेज तथा एक होम्योपैथी कॉलेज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला हैं और इसी दृष्टिकोण के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और गुणवत्ता सुधार पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक की सहायता मिलना उनके लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए ग्रामीणों को कर्ज लेने या जमीन बेचने जैसी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब यह स्थिति तेजी से बदल रही है और स्वास्थ्य सेवाओं में विश्वास बढ़ा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियां, जो पहले सीमित वर्ग तक मानी जाती थीं, अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से फैल रही हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 'आरोग्य मंदिर' जैसी पहल की जा रही है, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश में तीन आयुर्वेदिक एम्स स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य का लगभग 44 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है, जो औषधीय पौधों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। इसी संदर्भ में उन्होंने श्री हेमचंद मांझी को आयुर्वेद के क्षेत्र में पद्मश्री सम्मान मिलने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पास कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए विदेशों से भी लोग आते हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य अधोसंरचना के तेजी से विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि राजधानी क्षेत्र में मेडिसिटी हब विकसित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 5000 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित किया जाएगा। इससे प्रदेशवासियों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि उनके कार्यकाल में रायपुर में एक दर्जन से अधिक निजी अस्पतालों का शुभारंभ किया गया है। भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला जैसे महान शिक्षा केंद्रों का धनी रहा है और चिकित्सा व अध्यात्म दोनों क्षेत्रों में विश्व गुरु के रूप में स्थापित रहा है। आयुर्वेद को ऋग्वेद का उपवेद बताते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का भाव सदैव विद्यमान रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने तीन प्रकार के टीकों का विकास कर न केवल अपने 140 करोड़ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि अन्य देशों की भी सहायता कर वैश्विक स्तर पर मानवता का परिचय दिया।

### बजटीय प्रावधानों का क्रियान्वयन वित्तीय नियमों के तहत

**रायपुर।** भारत सरकार की अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति केन्द्र प्रवर्तित योजना है, जिसमें केन्द्रांश 60 प्रतिशत एवं राज्यांश 40 प्रतिशत है। भारत सरकार द्वारा केन्द्रांश का 60 प्रतिशत राशि सीधे विद्यार्थियों के खाते में डीबीटी पोर्टल के माध्यम से हस्तांतरित किया जाता है, अतः बजट में प्रावधानित केन्द्रांश राशि की बचत हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभाग द्वारा स्वीकृत बजटीय प्रावधानों के अंतर्गत योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित वित्तीय नियमों, प्रशासनिक स्वीकृतियों एवं प्रक्रियात्मक प्रावधानों के अनुरूप किया गया है। व्यय की सतत् समीक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा की जाती है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार द्वारा पी. व्ही. टी. जी. योजना को पी एम जनमन योजना में समाहित किये जाने के कारण योजना और आदिवासी क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार (अनुच्छेद 275(1)) अतर्गत स्वीकृति एवं आबंटन राशि अप्राप्त होने के कारण प्रावधान किये गये राशि का व्यय नहीं किया जा सका। भारत सरकार द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता योजना को पीएमएएवाय योजना में समाहित किये जाने के कारण योजनांतर्गत भारत सरकार से स्वीकृति एवं आबंटन जारी नहीं किया गया है, जिसके कारण राशि की बचत हुई है। प्रमुख सचिव द्वारा समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की प्रक्रियात्मक बाधा को चिन्हित कर उसे समयबद्ध रूप से दूर किया जाए ।

# पेपर लीक के बाद दोबारा हुई 12वीं हिंदी की परीक्षा, 2356 अनुपस्थित

### छात्र बोले- समर वेकेशन पोस्टपोंड करना पड़ा, पेपर लीक नहीं होना था

समवेत शिखर संवाददाता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ 12वीं बोर्ड की हिंदी की परीक्षा 10 अप्रैल (शुक्रवार) को दोबारा हुई। प्रदेश के कुल 2.39 लाख छात्रों का नाम रजिस्टर्ड था, जिनमें से 2,36,821 छात्रों ने एग्जाम दिया, 2356 छात्र एब्सेंट रहे। इस दौरान नकल का एक भी केस नहीं बना।

इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) पूरी तरह सतर्क नजर आया। गोपनीयता और सुरक्षा को देखते हुए प्रश्न पत्रों के पैकेट में वन टाइम लॉक सिस्टम लगाया गया था, वहीं पूरी सामग्री जीपीएस लॉक युक्त कंटेनर के जरिए भेजी गई थी। संभावना है कि इस व्यवस्था को




आगामी परीक्षाओं में भी लागू किया जाएगा। इससे पहले पेपर लीक होने के बाद 12वीं हिंदी की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। छात्रों ने कहा- पिछले एग्जाम के मुकाबले इस बार पेपर सरल आया। री-एग्जाम की वजह से कुछ बच्चों को अपना समर वेकेशन पोस्टपोंड करना पड़ा। बच्चों का कहना पेपर लीक नहीं होना चाहिए था। माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने बताया कि, परीक्षा के लिए 2395 सेंटर बनाए गए थे। परीक्षा सुबह 9.00 बजे से शुरू हुई, जो दोपहर 12.15 बजे तक चली। छात्रों को सुबह 9 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना तय रखा गया था। 9.05 बजे उत्तर पुस्तिका मिली, 9.10 बजे प्रश्नपत्र दिया गया और 9.15 बजे से लिखना शुरू किया। एग्जाम सेंटर में निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुई। इसके अलावा कही कोई शिकायत नहीं मिली है।

**पेपर हुआ था लीक :** दरअसल, 15 और 16 मार्च को सोशल मीडिया और कुछ समाचार पत्रों में हिन्दी विषय के सेट 'बी' का प्रश्नपत्र लीक होने के दावे सामने आए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच के लिए साइबर थाने में लिखित सूचना दी गई। सिटी कोतवाली में एफआईआर भी दर्ज कराई गई।

# राष्ट्रव्यापी अभियान माय भारत बजट क्वेस्ट 2026% के समापन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री साय

### छत्तीसगढ़ के 33 जिलों से चयनित प्रतिभागी 13 अप्रैल को रायपुर में लेंगे भाग

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत' अभियान के अंतर्गत 'बजट क्वेस्ट 2026' का भव्य दो दिवसीय फिनाले 12 और 13 अप्रैल को रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय आयोजन का समापन 13 अप्रैल को होगा, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री विष्णु देव साय, उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। रायपुर के राजीव गाँधी राष्ट्रिय भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान एवं ट्रिपल आईटी नया रायपुर संस्थान में होने वाले इस



समापन सत्र में शिक्षाविद और विशेषज्ञ 'शिक्षा, कौशल विकास' तथा 'कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था' जैसे विषयों पर युवाओं के साथ विचार-मंथन करेंगे।

यह महत्वपूर्ण आयोजन देश के श्रेष्ठ युवाओ को एक मंच प्रदान करेगा जो एक कठोर बहु-स्तरीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से फाइनल राउंड तक पहुँचे है 7 इस आयोजन के अंतर्गत एक दो दिवसीय विचार-मंथन सत्र जिसमें शिक्षाविद, उद्योग जगत के नेता और विषय विशेषज्ञ एकत्रित होकर केंद्रीय बजट 2026 से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिसका समापन 13 अप्रैल 2026 को होगा, जिसमें 17 स्थानों से 15,000 से अधिक युवा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लेंगे। यह भारत की अमृत पीढ़ी की भावना को दर्शाता है - एक ऐसी पीढ़ी जो केवल राष्ट की विरासत को नहीं अपना रही, बल्कि सक्रिय रूप से उसके भविष्य को आकार दे रही है। रायपुर में, चयनित प्रतिभागी आगे मानव पूंजी- शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार में निवेश तथा विकसित कृषि- कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान कल्याण को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे, जिससे युवा-नेतृत्व वाले नीति संवाद की इस भावना को आगे बढ़ाया जाएगा।

# विनोद कुमार फाइनल में

### प्रेस क्लब खेल मड़ई-2 : स्व. सत्येन्द्र गुमाश्ता स्मृति टेबल टेनिस प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले जारी

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब खेल मड़ई-2 (इंडोर गेम) के तहत आयोजित स्व. सत्येन्द्र गुमाश्ता स्मृति टेबल टेनिस प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी है। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में विनोद कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिद्धार्थ श्रीवासन को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

विनोद ने पूरे मैच के दौरान आक्रामक खेल और बेहतरीन नियंत्रण का परिचय दिया। उन्होंने शुरुआती सेट से ही बढ़त बनाकर रखी और अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई अवसर नहीं दिया। तेज सर्विस और सटीक स्मैश के दम पर उन्होंने मुकाबला सीधे सेटों में अपने नाम किया। इससे पहले खेले गए क्वार्टर फाइनल में भी विनोद कुमार ने दमदार खेल दिखाया। उन्होंने दीपेश शर्मा को कड़े मुकाबले में 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। क्वार्टर फाइनल का मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के बीच लंबी रैलियां देखने को मिलीं। पहले सेट में विनोद ने 1-0 की बढ़त बनाई, लेकिन दीपेश ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट जीतकर मैच 1-1 कर दिया। इसके बाद तीसरे सेट में जबरदस्त वापसी करते हुए विनोद ने मैच 2-1 से अपने नाम कर लिया। इसके पहले हुए दूसरे क्वार्टर फाइनल में सिद्धार्थ श्रीवासन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राकेश पांडेय को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। नाकआउट दौर के अन्य मैच में दीपेश शर्मा, व राकेश पांडेय को वॉकओवर मिला। पूल बी के मैच में हितेश मेहता ने नारायण भोई को कड़े मुकाबले में 2-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। मैच के अंपायर टेबल टेनिस के कोच प्रवीण निरापुरे व पुलकित यदु थे।

# आत्मानंद स्कूलों में फीस वसूलने का निर्णय गलत, कांग्रेस इसका विरोध करती है

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** सरकार के द्वारा आत्मानंद स्कूलों में बच्चो से सालाना फीस वसूलने के निर्णय का कांग्रेस ने विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील



आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने प्रदेश के गरीब एवं ऐसे लोग जो अपने बच्चो को प्राईवेट अंग्रेजी स्कूलो में नहीं पढ़ा सकते उनके लिये अंग्रेजी माध्यम का आत्मानंद स्कूल शुरू किया था, दुर्भाग्यजनक है कि भाजपा सरकार आत्मानंद स्कूलो में भी बच्चो से फीस वसूलने जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश भर में लगभग 750 आत्मानंद स्कूल शुरू किया था। जिसकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ाई जाती और प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों को आत्मानंद स्कूलों में तबदील कर छत्तीसगढ़ को मुफ्त शिक्षा की ओर ले जाने की कार्य योजना बनाई गयी थी। भाजपा सरकार इस स्कूल में फीस वसूलने का निर्णय लेकर अन्याय कर रही है। मुफ्त शिक्षा स्वास्थ्य हर नागरिक का अधिकार है तथा नागरिको को यह देना सरकार का दायित्व भाजपा सरकार अपने दायित्व को पूरा करवाने मे असफल साबित हो रही है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से आत्मानंद स्कूल को बंद करने का षडयंत्र शुरू कर दिया गया है अभी कुछ सालों में आत्मानंद स्कूलों में स्टेशनरी की कमी, आवश्यक सुविधा को उपलब्ध नही कराया जा रहा है। स्कूलों के शिक्षकों को जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से वेतन नहीं दिया जा रहा ताकि संविदा के आधार नियुक्त शिक्षक धनाभाव में स्कूल छोड़ दें और स्कूलों को बंद करने का बहाना खोजा जा सके। इसकी शुरूआत फीस वसूलने से की जा रही है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना गरीबों और मध्यम वर्ग के बच्चों के लिये संजीवनी है।

### सरकार का चावल उत्सव ढकोसला, राशन दुकानों में स्टॉक नहीं : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि सरकार के चावल उत्सव को ढकोसला बताते हुए कहा कि राशन दुकानों में चावल का



स्टॉक पहुंचा नहीं है और सरकार चावल उत्सव मनाने का प्रोपोगंडा कर एक साथ तीन माह का चावल देने की बात कर रही, जबकि तीन दिनों से लोग राशन दुकानों में घंटो लाइन लगा कर वापस आ रहे है, उन्हें चावल नहीं मिल रहा। राशन दुकान के संचालक बताते है उनके पास स्टॉक ही नहीं है। जब दुकानों तक पर्याप्त मात्रा में राशन का स्टॉक नहीं पहुंचा तो सरकार ने लोगों को चावल उत्सव के नाम पर भीषण गर्मी में कतार में क्यों लगवाया? प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि पिछले पांच महीने से सरकार राशन दुकानों को नियमित राशन तो पहुंचा नहीं पायी है। पांच माह से राशन कार्डधारियों को चावल नहीं मिल रहा है और सरकार तीन महीने का चावल एकमुश्त देने का ढिंढोरा पीट कर चावल उत्सव मनाने जा रही है, जबकि हकीकत यह है कि अभी तक दुकानों में मात्र 30 प्रतिशत चावल ही उपलब्ध है, जब दुकानों तक चावल नहीं पहुंच पाया है तो उपभोक्ता को कैसे चावल देगी सरकार? इस बात को कांग्रेस पहले से उठाते आ रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि सरकारी गोदाम में चावल नहीं है।

# खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने टूर्नामेंट आवश्यक : अरुण साव

### उप मुख्यमंत्री गोंडवाना कप ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट के समापन समारोह में हुए शामिल

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव आज रायपुर के जोरा स्थित इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम में आयोजित गोंडवाना कप ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट-2026 के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मिश्रित और एकल के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।




उप मुख्यमंत्री श्री साव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में गोंडवाना कप का आयोजन अनेक वर्षों से हो रहा है। प्रदेश में लगातार खेल प्रतियोगिताएं होने से खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिलता है और अच्छे खिलाड़ी निकल कर आते हैं। टूर्नामेंट में 20 राज्यों के 120 खिलाड़ियों का भाग लेना इसकी सफलता को बताता है। श्री साव ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए खिलाड़ी टूर्नामेंट आवश्यक हैं। इसके बिना खेल और खिलाड़ी दोनों आगे नहीं बढ़ सकते। गोंडवाना कप जैसी प्रतियोगिताएं लगातार होने चाहिए।

**पुरुष वर्ग में तेलंगाना के नैशिक व महिला वर्ग में राजस्थान की आयुषी चैंपियन :** महिला डबल्स के फाइनल मुकाबले में शताक्षी चौधरी और अनन्या जैन (उत्तर प्रदेश) की जोड़ी ने स्निग्धा पाटिबंडला और इरम जैदी को 3-6, 6-3, 10-7 से हराकर खिताब जीता। वहीं पुरुष डबल्स में निरव शेट्टी और अनुप बंगार्गी (महाराष्ट्र) की जोड़ी ने प्रसाद इंगाले और परितोष पवार को 6-2, 6-4 से हराया। वहीं महिला एकल में राजस्थान की आयुषी तनवार ने उत्तरप्रदेश की शताक्षी चौधरी को 2-6, 6-2, 6-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुरुष एकल में तेलंगाना के नैशिक रेड्डी गनागामा ने महाराष्ट्र के प्रसाद इंगाले को 7-6 (7-4), 6-3 से हराकर विजेता बने। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की। समापन समारोह में एआईटीए (ढ्ढञ्ज) के महासचिव श्री अनिल धुपर, स्टेट टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, श्री गुरुचरण सिंह होरा, उपाध्यक्ष श्री नरेश गुप्ता और श्री आशीष सराफ सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी मौजूद थे।

**24-26 अप्रैल तक खेल मंत्रियों का चिंतन शिविर :** श्री साव ने बताया कि 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक श्रीनगर में चिंतन शिविर का आयोजन हो रहा है। इसमें सभी राज्यों के खेल मंत्री और भारत सरकार के मंत्री व अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 2047 में जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरा करे तो देश विकसित बने, इसके साथ ही खेल के क्षेत्र में भी भारत दुनिया में अग्रणी देश बने, इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए योजना बनाकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में काम हो रहा है। निश्चित रूप से इस चिंतन शिविर से बड़ा लाभ होगा।

# तीन दिवसीय जैन धार्मिक शिक्षण शिविर में सैकड़ों बच्चों को संस्कारित करने साध्वी श्री सिद्धांतनिधी जी का प्रवचन

### महिलाओं के लिए संस्कारों का शंखनाद - स्वंय को जानो - पहचानो - और पहुँचो

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में आज प्रातः बच्चों ने जैन साध्वी श्री स्नेहयशा श्री जी की निश्रा में तीन दिवसीय जैन धार्मिक शिक्षण शिविर में जीवन में सद्गुणों के विकास का संकल्प लिया ।



श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि शिविर में 176 बालक बालिकाएं भाग ले रहे हैं । जीवन में मित्रता गुरुदेव से करना श्रेष्ठ है , आज सैकड़ों बच्चों ने भी दादागुरुदेव व साधु साध्वियों को आदर्श मानकर जीवन में सत्य , करुणा , दया , सदाचार गुणों के विकास का संकल्प लिया । साध्वी जी ने कहा कि माताएं बहनें ही बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण कर श्रेष्ठ समाज की रचना करती हैं । महिलाएं सम्यक ज्ञान सम्यक दर्शन सम्यक चरित्र के मार्ग में चलकर ही स्वयं व परिवार समाज को धर्ममय बना सकती हैं । शिविर में 124 महिलाओं ने भाग लिया ।धार्मिक शिविर में नीलेश गोलछा , श्रीमती मंजू कोठारी , योगेश बंगानी , संतोष झाबक , नेहा श्रीश्रीमाल ने विशेष भूमिका निभाई । महाविदेह क्षेत्र में विराजमान भगवान श्री सीमंधर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव वैसाख वदी दसमी 12 अप्रैल रविवार को जैन साध्वी श्री स्नेहयशा श्री जी की निश्रा में मनाया जाएगा । विधिकारक श्री विमल गोलछा द्वारा सत्तरभेदी महापूजन का विधान होगा । तीर्थंकर की माता रानी द्वारा देखे गए 14 महास्वप्नों का चढ़ावा बोला जाएगा । भगवान श्री सीमंधर स्वामी जी के पालना जी की आराधना की जावेगी । ट्रस्टी नीलेश गोलछा , डॉ योगेश बंगानी व टीकम जैन ने बताया कि सत्तरभेदी पूजन के साथ ही जिनमंदिर व चमत्कारी दादाबाड़ी के शिखर पर नई ध्वजा चढ़ाई जावेगी ।

**शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।**

## संपादकीय

### केरलम, असम और पुडुचेरी में बंपर वोटिंग

केरलम, असम और पुडुचेरी में इस बार विधानसभा चुनावों में बम्पर मतदान ने लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने का संकेत दिया है। जब मतदाता बड़ी संख्या में घरों से निकलकर मतदान केंद्रों तक पहुंचते हैं, तो यह केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया नहीं रहती, बल्कि लोकतांत्रिक आस्था का सार्वजनिक उत्सव बन जाती है। अधिक मतदान इस बात का प्रमाण है कि जनता अपने अधिकार और कर्तव्य दोनों के प्रति सजग है।

केरल में हमेशा से राजनीतिक जागरूकता उच्च स्तर पर रही है। शिक्षा और सामाजिक चेतना के कारण यहां मतदान प्रतिशत अक्सर राष्ट्रीय औसत से अधिक रहता है। इस बार भी मतदाताओं ने विकास, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों जैसे मुद्दों पर अपनी राय स्पष्ट रूप से दर्ज कराई। उच्च मतदान यह दर्शाता है कि जनता सत्ता के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने और भविष्य की दिशा तय करने के लिए गंभीर है।

असम में भी बम्पर वोटिंग कई मायनों में महत्वपूर्ण है। भौगोलिक चुनौतियों, बाढ़ और दूरदराज के इलाकों के बावजूद बड़ी संख्या में मतदाताओं का मतदान केंद्रों तक पहुंचना लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्य में विकास, पहचान, सामाजिक समरसता और रोजगार जैसे मुद्दों ने मतदाताओं को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। युवाओं और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जो भविष्य की राजनीति की दिशा को प्रभावित कर सकती है।

वहीं पुडुचेरी में भी रिकॉर्ड मतदान ने यह स्पष्ट कर दिया कि छोटा भू-भाग होने के बावजूद राजनीतिक चेतना यहां प्रखर है। पर्यटन, रोजगार, प्रशासनिक स्थिरता और केंद्र-राज्य संबंध जैसे विषयों पर मतदाताओं ने अपनी प्राथमिकताएं जाहिर कीं। अधिक मतदान से यह संकेत मिलता है कि जनता केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णयकर्ता की भूमिका निभाना चाहती है।

बम्पर वोटिंग का एक महत्वपूर्ण संदेश राजनीतिक दलों के लिए भी है। यह बताता है कि मतदाता अब निष्क्रिय नहीं हैं। वे वादों, घोषणाओं और नेतृत्व की विश्वसनीयता का मूल्यांकन करते हैं और अपने मत के माध्यम से जवाब देते हैं। अधिक मतदान से चुनाव परिणामों की वैधता और स्वीकार्यता भी मजबूत होती है, क्योंकि यह व्यापक जनसमर्थन या असहमति का स्पष्ट संकेत देता है।

हालांकि अधिक मतदान को केवल उत्सव की दृष्टि से देखना पर्याप्त नहीं है। इसके पीछे के सामाजिक और राजनीतिक कारणों का विश्लेषण भी आवश्यक है। क्या यह बदलाव की चाह है, या वर्तमान नेतृत्व के प्रति विश्वास? यह तो परिणामों से स्पष्ट होगा, परंतु इतना तय है कि लोकतंत्र की सेहत के लिए उच्च मतदान शुभ संकेत है।अंततः, केरल, असम और पुडुचेरी में हुई बम्पर वोटिंग ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय लोकतंत्र की नींव मजबूत है। मतदाता जागरूक हैं और अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए तत्पर भी। अब सभी की नजरें चुनाव परिणामों पर होंगी, पर लोकतंत्र की असली जीत तो मतदान के इस उत्साह में ही निहित है।

# महात्मा ज्योतिराव फुले : भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक

■ नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है।



महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ। लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है। साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही।

महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं। उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है। पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास



किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधारस्तंभ बना रहा है। अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए।

महात्मा फुले ने कहा था, जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंर्त्य मिळत नाही÷* यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना। यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है। उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं। महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया।भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे।

मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## प्रेरक प्रसंग

### मां से बड़ा कोई नही

स्वामी विवेकानंद एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिनके प्रेरणास्प्रद वचन यदि कोई अपने जीवन में अपना ले तो उसे कभी असफलता का मुहँ नहीं देखना पड़े। स्वामी विवेकान्द के जीवन का ऐसा ही एक बहुत ही प्रेरणादायक प्रसंग है –

एक बार एक व्यक्ति ने उनसे प्रश्न किया की इस संसार में माँ की महिमा सबसे ज्यादा क्यों गाई जाती है? स्वामी जी मुस्कुराए और उन्होंने उस व्यक्ति से कहा कि जाओ एक पांच सेर वजन का पत्थर लेकर आओ फिर में तुम्हारे प्रश्न का जवाब दूंगा । वह व्यक्ति गया और स्वामी जी के कहे अनुसार एक पत्थर ले आया । अब स्वामी जी ने उससे कहा कि ÷यह पत्थर एक कपडे में लपेटकर अपने पेट पर बांध लो और इस पत्थर को दिन भर अपने पेट पर बांधकर रखना और कल आना फिर में तुम्हारे प्रश्न का जवाब दूंगा। स्वामी जी के कहे अनुसार उस व्यक्ति ने वह पत्थर अपने पेट पर बांध लिया। दिनभर वो अपने काम करता रहा पर उसे बहुत परेशानी हो रही थी शाम होते होते पत्थर को लेकर चलना फिरना उसके लिए असंभव हो गया अंततः वह स्वामी जी के पास गया और बोला स्वामी जी इस पत्थर को लेकर चलना मेरे लिए असम्भव है। अब में इसे अपने पेट पर बंधकर नहीं रख सकूंगा। एक प्रश्न का उत्तर पाने के लिए में इतनी बड़ी सजा नहीं सह सकता। अब स्वामी जी उससे बोले एक पत्थर का बोझ तुम एक दिन भी नहीं उठा सकते, और एक माँ अपने शिशु को पूरे नो माह पेट में रखती है साथ ही घर का सारा काम भी करती है। इस संसार में माँ से ज्यादा सहनशील और धेर्यवान कोई नहीं है। इसलिए माँ से बढकर इस जगत में कोई नहीं है।

## धर्म-कर्म

### 27 अप्रैल को है मोहिनी एकादशी, ना करें ये 5 गलतियां

वैशाख का महीना चल रहा है और इस महीने में ही मोहिनी एकादशी पड़ती है जिसकी पूजा और व्रत काफी खास माने जाते हैं। ऐसा कहा जाता है कि जब समुद्र मंथन हुआ था तब भगवान विष्णु ने अमृत कलश को बचाने के लिए मोहिनी रूप लिया था। इस दिन भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की जाए तो सारे पाप मिट जाते हैं और हर तरह के मोह-माया से मुक्ति मिल जाती है। ये वाली एकादशी खास है। ऐसे में जान लेते हैं कि आखिर ये किस तारीख को पड़ रही है और इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त क्या होगा? साथ ही जानेंगे कि मोहिनी एकादशी वाले दिन किन गलतियों को करने से बचना है?

मोहिनी एकादशी की पूजा का शुभ मुहूर्त- द्रिक पंचांग के हिसाब से वैशाक महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 26 अप्रैल से हो जाएगी। इस दिन एकादशी तिथि शाम को 6 बजकर 6 मिनट से शुरू हो जाएगी। इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 27 अप्रैल को शाम में 6 बजकर 15 मिनट पर होगा। तो ऐसे में मोहिनी एकादशी 27 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस दिन ब्रह्म और अभिजीत मुहूर्त में की जाने वाली पूजा सफल मानी जाती है। मोहिनी एकादशी के व्रत का पारण 28 अप्रैल को सुबह कर लें। इसकी पूजा सुबह ही कर लें।

मोहिनी एकादशी के व्रत से मिलने वाला लाभ- हिंदू धर्म शास्त्रों में बताया गया है कि मोहिनी एकादशी का व्रत रखना काफी फलदायी माना जाता है। इस व्रत को जिस व्यक्ति ने सच्चे मन से रख लिया तो समझिए वो संसार के हर मोह-माया से मुक्ति पा लेगा। इसके अलावा इस दिन व्रत रखने से हर पाप मिट जाते हैं।

## आंचलिक

# बस्तर में बदलाव की नई बयार : माओवाद के साये से निकलकर कोलेंग वनांचल में बदली तस्वीर

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** बस्तर का वह सुदूर वनांचल, जहाँ कभी सन्नाटा और दहशत का पहरा था, आज वहां खुशहाली की नई इबारत लिखी जा रही है। जिले के दरभा विकासखंड का कोलेंग क्षेत्र, जो दशकों तक माओवादी गतिविधियों के कारण विकास की दौड़ में पिछड़ गया था, अब अपनी एक नई पहचान गढ़ रहा है। मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसता यह इलाका अब सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं से लैस होकर विकास की मुख्यधारा में मजबूती से कदम रख चुका है। कभी जो गाँव के लोग बुनियादी सुविधाओं और शासकीय योजनाओं से महरूम थे, वे अब सीधे शासन-प्रशासन के संपर्क में हैं, साथ ही लाभान्वित होकर विकास में सहभागिता निभा रहे हैं।



एक समय था जब बारिश के दिनों में कोलेंग और उसके आसपास के गाँव टापू बन जाते थे और ग्रामीणों को आवागमन के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। जगदलपुर से लेकर कोलेंग, चांदामेटा, छिंदगुर, काचीरास, सरगीपाल और कान्दानार जैसे दुर्गम गांवों तक बारहमासी पक्की सड़कों का जाल बिछ जाने से न केवल आवाजाही सुगम हुई है, बल्कि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी आपातकालीन सेवाएं भी अब ग्रामीणों की पहुंच में हैं। कोलेंग के सरपंच श्री लालूराम नाग इस बदलाव को ऐतिहासिक मानते हुए कहते हैं कि पहले यह क्षेत्र पूरी तरह कटा हुआ था, लेकिन माओवाद की समस्या कम होने और शासन की सक्रियता से ग्रामीणों के जीवन स्तर में क्रांतिकारी सुधार आया है। सड़क और संचार सुविधाओं के इस विस्तार ने छिंदगुर जैसे गांवों को सीधे जिला मुख्यालय से जोड़ दिया है, जिसे सरपंच श्री सुकमन नाग सरकार की अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने की प्रतिबद्धता का परिणाम बताते हैं। कनेक्टिविटी बेहतर होने का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति पर पड़ा है, क्योंकि अब वे अपनी वनोपज और कृषि उत्पादों को सीधे मंडियों तक ले जा पा रहे हैं। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हुई है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। कभी उपेक्षा का शिकार रहा यह वनांचल क्षेत्र आज अपनी पुरानी पहचान को पीछे छोड़ते हुए विकास की रौशनी से जगमगा रहा है और खुशहाली की एक नई उम्मीद जगा रहा है।

## कोंडागांव के चिंगनार में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ ग्राम चिंगनार में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कांकेर सांसद भोजराज नाग और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान 1 पुनर्वासित व्यक्ति सहित 5 हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर प्रतीकात्मक चाबी वितरित की गई।

माओवाद मुक्त होने के बाद बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में शासन की योजनाओं की पहुंच सुलभ हो रही है और विकास कार्यों को गति मिल रही है। सांसद और विधायक ने शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी किया। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई भी उपस्थित रहे। सांसद नाग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहले माओवाद के प्रभाव से इस क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया और आधारभूत संरचना के कार्य नहीं हो पाते थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नेतृत्व में बस्तर अब माओवाद से मुक्त होने के बाद इन कार्यों को गति मिलेगी। केंद्र एवं राज्य सरकार महिलाओं, किसानों के कल्याण के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद ने जनसमस्या निवारण शिविर में समस्या और उसके समाधान को ले कर अधिकारीयों को निर्देश दिए ।

सांसद ने जनसमस्या निवारण शिविर में समस्या और उसके समाधान को ले कर अधिकारीयों को निर्देश दिए ।

## आज का इतिहास

- ✳1827- समाज सुधारक ज्योतिराव गोविंदराव फुले का जन्म। 1869- कस्तूरबा गांधी का जन्म।
- ✳1887 - प्रसिद्ध फनकार जैमिनी राय का जन्म।
- ✳1919 - अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना।
- ✳1921 - रेडियो पर खेलों की पहली लाइव कमेंट्री का प्रसारण किया गया।
- ✳1930- ऋषिकेश में इस्पात की तारों से बना 124 मीटर का झूलने वाला पुल जनता के लिए खोला गया। इसे लक्ष्मण झूला नाम दिया गया।
- ✳1937- भारतीय टेनिस खिलाड़ी रामनाथन कृष्णन का जन्म।
- ✳1951- थिएटर और टेलीविजन अदाकारा रोहिणी हटंगडी का जन्म।
- ✳1964- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी दो हिस्सों में विभाजित।
- ✳1970- अमेरिका का अपोलो 13 अंतरिक्ष यान चंद्र अभियान पर रवाना।

# अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई, जप्त पोकलेन मशीन को रखा गया पुलिस अभिरक्षा में

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन के विरुद्ध लगातार खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसील बकावंड के ग्राम बेलगांव-बनियागाँव में रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत मिलने पर खनिज विभाग द्वारा 26 मार्च 2026 को औचक निरीक्षण किया गया था, जिसमें अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर मौके पर एक पोकलेन मशीन को सील किया गया था।



इसके पश्चात सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मशीन के माध्यम से पुनः अवैध उत्खनन का प्रयास किया जा रहा है। इस पर 01 अप्रैल 2026 को खनिज एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मशीन को शिफ्टर के माध्यम से थाना लाने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीणों के विरोध एवं अन्य कारणों से उस दिन मशीन को थाना नहीं लाया जा सका। बाद में 9 अप्रैल 2026 को बकावंड एसडीएम श्री विपिन दुबे (आईएएस) के नेतृत्व में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पुनः कार्रवाई की गई। इस दौरान जप्त पोकलेन मशीन को शिफ्टर के माध्यम से पुलिस थाना सिटी कोतवाली जगदलपुर लाकर सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया है, जहां प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।खनि अधिकारी ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन पर सतत निगरानी रखी जा रही है और नियमों के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# श्रमिक सम्मेलन में योजनाओं की सौगात से खिले श्रमिकों के चेहरे

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** स्थानीय वीर सावरकर भवन में शुक्रवार को निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से एक श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के मार्गदर्शन में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में विकास की रीढ़ कहे जाने वाले श्रमिकों का न केवल सम्मान किया गया, बल्कि उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। इस सम्मेलन में समूचे जिले के सुदूर अंचलों से आए बड़ी संख्या में श्रमिकों ने हिस्सा लिया, जिससे पूरा परिसर उनकी उत्साहजनक उपस्थिति से सराबोर नजर आया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप और नगर निगम सभापति श्री खेमसिंह देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में श्रमिकों को राष्ट का असली निर्माता बताते हुए कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार लाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री महेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रमिक केवल मजदूरी करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण का आधार है। उन्होंने श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान करते हुए विश्वास दिलाया कि सरकार सदैव उनके साथ खड़ी है। श्री कश्यप ने शासन द्वारा श्रमिकों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न 31 योजनाओं की जानकारी और अन्य सुरक्षा योजनाओं के लाभ पर जोर देते हुए कहा कि हर श्रमिक का पंजीकरण होना अनिवार्य है ताकि शासन की मदद उन तक बिना किसी बाधा के पहुँच सके।

इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्री खेमसिंह देवांगन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मंच से जनप्रतिनिधियों के कर-कमलों द्वारा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत सहायता राशि के चेक वितरित किए गए, जिसे पाकर श्रमिकों के चेहरों पर संतोष और खुशी के भाव स्पष्ट नजर आए। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता मौके पर ही समाधान की रही, जहाँ श्रम विभाग द्वारा लगाए गए विशेष पंजीकरण शिविरों के माध्यम से नए श्रमिकों का तत्काल पंजीयन किया गया। श्रम पदाधिकारी श्री भूपेंद्र नायक ने बताया कि इस मुहिम का उद्देश्य बस्तर के उन मेहनतकश लोगों को विभागीय योजनाओं के दायरे में लाना है जो अब तक जागरूकता के अभाव में लाभ से वंचित थे। इस सार्थक प्रयास से बस्तर के दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले श्रमिक भी अब सरकार की कल्याणकारी नीतियों से सीधे जुड़ सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### नटरंग राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता : अन्विका श्रीवास्तव ने जीता द्वितीय स्थान

**राजनांदगांव।** रायपुर में 3 से 8 अप्रैल तक आयोजित संगीत कला अकादमी के नटरंग राष्ट्रीय कार्यक्रम में बालको नगर की छात्रा अन्विका श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में गायन, वादन और नृत्य की विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। डीपीएस बालको की कक्षा पांचवीं की छात्रा अन्विका ने अपनी कत्थक प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया और यह उपलब्धि अपने नाम की। अन्विका अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक एवं नृत्य गुरु मोरध्वज वैष्णव से प्रशिक्षण ले रही हैं। उनकी इस सफलता से डीपीएस बालको स्कूल के साथ-साथ पूरे कोरबा और बालको नगर में खुशी का माहौल है। वे भारत एल्युमिनियम कंपनी में कार्यरत रूपेश श्रीवास्तव की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों और नगरवासियों ने खुशी जताई है और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एबीवीपी की पहल रंग लाई, व्यापम परीक्षा के चलते सेमेस्टर एग्जाम की तिथि बढ़ी

**राजनांदगांव।** महाविद्यालयीन छात्रों के हित में उठाई गई पहल सफल साबित हुई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य को सौंपे गए ज्ञापन के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 27 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षा की तिथि बढ़ा दी।जानकारी के अनुसार, 26 अप्रैल को व्यापम की महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजित होने वाली थी, जिसमें महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल होने वाले थे। परंतु अगले ही दिन सेमेस्टर परीक्षा निर्धारित होने के कारण छात्रों को पर्याप्त तैयारी और मानसिक आराम का समय नहीं मिल पा रहा था। इस समस्या को गंभीरता से देखते हुए एबीवीपी ने छात्रों की ओर से परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग की। एबीवीपी नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों के शैक्षणिक हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया, जिसे महाविद्यालय प्रशासन ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया। उन्होंने प्राचार्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे छात्रों को दोनों परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। महाविद्यालय प्रशासन ने नोटिस जारी कर बताया कि अब सेमेस्टर परीक्षा की नई तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। इस फैसले से छात्रों में खुशी का माहौल है और उन्होंने एबीवीपी के इस प्रयास की सराहना की है।

### कमला कॉलेज में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 6 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में योग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी और कराटे का प्रशिक्षण स्कूली छात्राओं और महाविद्यालय की छात्राओं को दिया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने छात्राओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि खेल हार का सामना करना सिखाते हैं और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने किया। उन्होंने छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए अपनी रुचि के अनुसार किसी एक खेल को अपनाने और नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

# कांग्रेस कार्यकर्ता आम व्यक्तियों के हित की लड़ाई लड़ें : रविन्द्र चौबे

समवेत शिखर संवाददाता




**साजा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेश एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, पूर्व कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बूथ एवं पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक बैठक का आयोजन कांग्रेस भवन साजा में किया गया। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व कृषिमंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि आपको हर एक व्यक्ति के हित के लिये लड़ना होगा।

इस बैठक में मंडल अध्यक्षगण, नवनियुक्त सेक्टर अध्यक्षगण एवं मंडल प्रभारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जहाँ संगठन के विस्तार, सुदृढ़ीकरण एवं बूथ स्तर तक कांग्रेस की विचारधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में श्री चौबे ने कहा कि हर कार्यकर्ता कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े। बैठक का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बनाते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ जोड़ना एवं आगामी चुनावी रणनीतियों के लिए मजबूत आधार तैयार करना रहा।

इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने, आपसी समन्वय बनाए रखने तथा जन-जन तक कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारों को पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही, बूथ एवं पंचायत कमेटियों के गठन में पारदर्शिता, सक्रियता एवं समर्पण को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया।

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से सुनील माहेश्वरी, जिला प्रभारी, जितेंद्र उपाध्याय ब्लॉक प्रभारी,ईश्वर वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस साजा,मंडल अध्यक्षगण बिहारी साहू, किलुश यदु, राजेश चंदेल, संतोष पटेल, संतोष तिवारी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत मनोज जायसवाल, गुड्डू जायसवाल, अतुल शर्मा, नरेश सिन्हा, जनार्दन सिंह ठाकुर विनोद कुंजाम नवनियुक्त सेक्टर अध्यक्ष गण फकीर देवांगन, हनुराम साहू, महादेव साहू, रामजी साहू , तोप राजपूत, रामरतन मंडावी, डॉ संतोष वर्मा, धर्मेंद्र साहू, हेमराम वर्मा, टेकेंद्र मरकाम, संदीप चौबे, राजू वैष्णव, नरेश साहू, मनोज भुआल, ओमप्रकाश सिंह राजपुत, संतोष साहू, आनंद पटेल, दिलीप देवांगन एवं कामता गायकवाड़ मंडल प्रभारी गण बलकरण वर्मा, खेलन नेताम, संतोष पांडे, संतोष तिवारी, केशव साहू, पुनीत नेताम, हेमंत साहू, खेलन बघेल, रामावतार साहू, घनश्याम वर्मा, संग्राम सिंह राजपुत सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# दुर्ग पुलिस की बड़ी कार्रवाई ऑनलाइन बैटिंग गिरोह का पर्दाफाश 3 मुख्य आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** फर्जी बैंक खातों के जरिए ऑनलाइन बैटिंग का नेटवर्क संचालित करने वाले गिरोह के खिलाफ दुर्ग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल 19 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और करोड़ों रुपए के लेन-देन का खुलासा हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 31 दिसंबर 2025 को प्रार्थी अविनाश दुबे ने थाना पदमनाभपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ लोग अवैध रूप से दूसरों के बैंक खाते खुलवाकर उनके एटीएम, सिम कार्ड, पासबुक और चेकबुक हासिल कर रहे हैं। इन खातों का उपयोग विभिन्न ऑनलाइन बैटिंग ऐप्स में लेन-देन के लिए किया जा रहा था तथा सामग्री को मुंबई भेजकर अवैध आर्थिक गतिविधियों में उपयोग किया जा रहा था। मामले में अपराध क्रमांक 566/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(4), 319(2) एवं टेलीकम्युनिकेशन एक्ट की धारा 42(2), 42(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पहले ही 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच के दौरान सह मुख्य आरोपी कुश (28 वर्ष), रितेश राय (40 वर्ष) एवं महेंद्र सिंह ठाकुर (32 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 22 एटीएम कार्ड, 10 चेक बुक, 8 बैंक पासबुक, 4 सिम कार्ड, 5 मोबाइल फोन, एक नकली पिस्टल एवं एक रजिस्टर बरामद किया है। आरोपियों के बैंक खातों में करोड़ों रुपए के लेन-देन की पुष्टि हुई है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।अवैध कमाई के लिए चल रहा था खेल।

# वार्डों में पहुंचे मंत्री गजेन्द्र यादव, जनता से संवाद कर समस्याओं का लिए जायजा

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** शहर विधायक एवं केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव प्रतिदिन सुबह दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आम नागरिकों से सीधे संवाद कर रहे है और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। उन्होंने बीते दिनों वार्ड 01, वार्ड 02, वार्ड 04, वार्ड 37 और वार्ड 38 पहुंचकर क्षेत्र मे विकास कार्यों का जायजा लिया। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों ने उनके सामने सीमेंटीकरण सड़क, नाली निर्माण, भवन निर्माण एवं शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी। जिस पर उन्होंने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समयसीमा में पूर्ण किए जाएं।

शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने गयानगर वार्ड क्रमांक 04 एवं राजीवनगर वार्ड क्रमांक 02 में भी वार्डवासियों के बीच पहुंचकर संवाद किये। उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सड़क संधारण, भवन निर्माण एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी समस्याओं को सुना और इसके वार्ड में बन रहे मांगलिक भवन का निरिक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी लिए और सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण करने निर्देश दिए और समयसीमा में भवन पूर्ण करने कहा ताकी जनता को सौगात प्रदान किया जा सके। करोड़ों की लागत से बन रहा यह भवन आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। शादी ब्याह और सुख दुःख के कार्यक्रम के लिए सुविधायुक्त भवन मिलेगा।

# सांसद संतोष पाण्डेय ने किया जिला पंचायत भवन का भूमिपूजन

### जिला कार्यालय परिसर, पिपरिया में बनेगा आधुनिक जिला पंचायत भवन

समवेत शिखर संवाददाता



**खैरागढ़,।** जिले में प्रशासनिक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में आज एक अहम कदम उठाया गया।जिला कार्यालय परिसर, पिपरिया में प्रस्तावित नवीन जिला पंचायत भवन के निर्माण हेतु सांसद संतोष पाण्डेय ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत सदस्य एवं विभिन्न समितियों के सभापति श्रीमती भुनेश्वरी जीवन देवांगन, ललित चोपड़ा, श्रीमती अरुणा राजू सिंह, श्रीमती हेमलता मंडावी, श्रीमती जमुना नरेश कुर्रे, दिनेश वर्मा, श्रीमती निर्मला विजय वर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गिरजा चंद्राकर, जनपद पंचायत खैरागढ़ की अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, जनपद पंचायत छुईखदान की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा प्रकाश वर्मा, जनपद पंचायत खैरागढ़ के उपाध्यक्ष लखन साहू, जनपद पंचायत छुईखदान के उपाध्यक्ष राजू जंघेल, सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, पूर्व जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. बिशेसर साहू, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह, जीवन देवांगन, श्री नरेश कुर्रे, निजाम मंडावी, विजय वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि यह भवन न केवल प्रशासनिक कार्यों को गति देगा, बल्कि आम नागरिकों के लिए सुविधाओं को और अधिक सुगम बनाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के एक ही परिसर में संचालित होने से लोगों को बार-बार अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। शासन की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत कर विकास को गति देना है।उन्होंने आगे कहा कि जिला पंचायत भवन के निर्माण से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने जिला पंचायत भवन की भूमिपूजन को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए नवीन भवन के निर्माण हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की।इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रेम कुमार पटेल द्वारा भवन की प्रस्तावित संरचना की जानकारी साझा की गई।

# उचित मूल्य की दुकान से समय-सीमा में हों खाद्यान्न का वितरण : ईश्वरी साहू

### जिला पंचायत के सामान्य सभा बैठक में जन कल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू की अध्यक्षता मे सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वन विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कार्यों सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। वन विभाग द्वारा सदन को जानकारी देते हुये बताया गया कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वर्ष 2024-25 मे 85 हजार, वर्ष 2025-26 मे 2 लाख 10 हजार मिश्रित फलदार पौधे तैयार किये गये। पौधे निःशुल्क वितरण के लिए नर्सरी मे उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। इसमे वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए सड़क किनारे वृक्षारोपण एवं खेतो के मेंढ मे पौधा रोपण किये जाने के संबंध में बताया गया। राज्य शासन द्वारा संचालित किसान वृक्ष मित्र योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 मे 183 किसानों को लाभान्वित करने की जानकारी दी गई। जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट द्वारा फलदार पौधे को ग्राफ्टिंग पद्धति से अधिक उपयोगी बनाये जाने का सुझाव दिया गया। जिससे ग्रामीणों एवं समूहों को बेहतर आजीविका का साधन मिल सके जिस पर विभाग द्वारा कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। बैंठक मे सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण को आजीविका से जोड़ने के लिए कार्ययोजना तैयार किया जाए जिसमें महात्मा गांधी नरेगा से कार्य लिये जा सकेंगें। बैठक मे उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्रवंशी द्वारा भोरमदेव अभ्यारण्य की जानकारी चाही गई विभाग द्वारा बताया गया कि अभ्यारण्य आम जनता के लिए तैयार है जिसका शुभारंभ आगामी दिनो मे किया जाना है अभ्यारण्य क्षेत्र मे उद्यान सहित अन्य विकास के कार्य लगभग 75 लाख रूपये की लागत से करने की जानकारी दी गई। सदन मे कैम्पा योजनांतर्गत कराये जा रहे परिक्षेत्र की जानकारी दी गई। सामान्य सभा की बैठक मे उपाध्यक्ष, श्री कैलाश चन्द्रवंशी, सदस्य श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चन्द्राकर, श्री रामकुमार भट्ट, श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे, श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, श्रीमती ललिता रूपसिंह धुर्वे, अध्यक्ष जनपद पंचायत स.लोहारा श्रीमती दुर्गा सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि कवर्धा श्री भूखन साहू उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया संग्रहण केन्द्र जगतरा एवं धोबनपुरी और धान खरीदी केन्द्र धनोरा का आकस्मिक निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता



**बालोद।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जगतरा एवं धोबनपुरी धान संग्रहण केन्द्र के अलावा धान खरीदी केन्द्र धनोरा का आकस्मिक निरीक्षण कर समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की उचित रखरखाव एवं धान का समुचित उठाव आदि के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बारिश आदि विपरित मौसम के दौरान धान को सुरक्षित रखने हेतु कैप कव्हर आदि की समुचित व्यवस्था, पानी आदि की निकासी की उचित व्यवस्था एवं मिलर्स को नीलाम किए गए धान के समय पर उठाव आदि के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर श्रीमती मिश्रा ने धान के लोडिंग-अनलोडिंग के कार्य में लगे हमालों से बातचीत कर धान संग्रहण केन्द्रों में उनके लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के साथ-साथ उनके मांगों एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। श्रीमती मिश्रा ने मौके पर उपस्थित जिला विपणन अधिकारी एवं संग्रहण केन्द्र के प्रभारी को हमालों एवं मजदूरों को समय पर मजदूरी भुगतान के साथ-साथ संग्रहण केन्द्र में हमालों और मजदूरों के लिए जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष, जिला खाद्य अधिकारी श्री तुलसी ठाकुर, जिला विपणन अधिकारी श्री टिकेन्द्र राठौर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने धान संग्रहण केन्द्र जगतरा में धान के लोडिंग-अनलोडिंग के कार्य में लगे मजूदरों से बातचीत की और धान उठाव के महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करने को कहा। उन्होंने हमालों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर समय पर उनके मजदूरी भुगतान एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को हमालों तथा संग्रहण केन्द्र में काम करने वाले मजदूरों का तत्काल मजूदरी भुगतान करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने ग्राम जगतरा डीएमएफ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण हमालों एवं मजदूरों के लिए जिला खनिज न्यास संस्थान निधि से मजदूरों के विश्राम हेतु शेड निर्माण एवं मुख्य मार्ग से मार्कफेड खाद गोदाम तक पहुँच मार्ग निर्माण के लिए भी प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने धान संग्रहण केन्द्र धोबनपुरी में पहुँचकर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# विधायक निधि के ऑनलाइन संचालन के लिए संभाग स्तरीय दिया गया प्रशिक्षण

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमएलएएलएडीएस) की संपूर्ण प्रक्रिया को 01 अप्रैल 2026 से ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने के लिए दुर्ग संभाग के सभी जिलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साइंस कॉलेज) के राधाकृष्णन हॉल में दिया गया। संचालनालय योजना एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त संचालक डी.एस.वर्मा एवं संतोष राय ने विधायक निधि की पारदर्शी डिजिटल रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि सांसद निधि के कार्यों के लिए ई-साक्षी पोर्टल का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अनुशंसा प्राप्त करना, स्वीकृति जारी करना और आदेश करना जैसे कार्य ऑनलाइन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब विधायक निधि के कार्यों को भी इसी पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष से रायपुर में इस प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट चल रहा था और अब इसे सभी जिलों में लागू कर दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि नई प्रणाली लागू होने पर प्रारंभ में अनेक प्रकार की शंकाएं होती है, लेकिन ये बदलाव प्रशासनिक कार्यों को सरल, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए किए जाते हैं। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन का उदाहरण देते हुए बताया कि इससे सभी विभागों में कार्यप्रणाली में तेजी और सुगमता आई है। उन्होंने कहा कि विधायक निधि की स्वीकृति और राशि जारी करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

✷ **राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 हेतु 1 अप्रैल 2026 के प्रतिनिर्देश से फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली तैयार करने कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।


**शपत्र पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **नरेश कुमार यदु, पिता श्री दौलत राम यदु, आयु लगभग 34 वर्ष निवासी-ग्राम बावनकेरा,** सौम्यपूर्वक शपथ पूर्वक सह घोषणा करता हूं। यह की मेरा नाम **नरेश कुमार यदु** है जैसा कि मेरे आधार कार्ड एवं दस्तावेजों में अंकित है। यह की मेरी 10वीं की अंकूसची में मेरा नाम **नरेश कुमार** अंकित है। यह कि **नरेश कुमार एवं नरेश कुमार यदु** दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे ही नाम है। मैंने 10वीं के बाद अपने नाम के साथ यदु उपनाम जोड़ा है। उपरोक्त दोनों नामो से संबंधित सभी दस्तावेज मेरे ही है है और मान्य है। यह की यह शपथ पत्र पासपोर्ट सत्यापन एवं अन्य शासकीय कार्यों हेतु प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
नरेश कुमार यदु



**न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

दिनांक 08.04.2026
रा.प्र.क्र.202604101500019/ब-121/वर्ष 2025-26
ग्राम अमेरी प.ह.नं. 13
तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

एतद् द्वारा साधारण को सूचित किया जाता है। अनावेदक **शत्रुहन पिता रामसकल निवासी ग्राम अमेरी तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा अपने पुत्री शालिनी पिता शत्रुहन का जन्म दिनांक 21.04.2006 को ग्राम अमेरी तहसील पाटन** में होने के कारण जन्म प्रमाण बनाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण प्रस्तुत किया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रसुतत करना हो तो वे नियत सुनवाई **दिनाक 28/04/2026** तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज **दिनांक 08/04/2026** मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला-सुकमा (छ.ग.)**

**-:: ई-निविदा सूचना क्रमांक-07 ::-**

क्रमांक/आ.वि./निर्माण/-/2025-26/ 4820 सुकमा, दिनांक 30.03.2026

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित एस.ओ.आर. दर 01.01.2015 से जो लागू है दर पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निम्नदर्शित कार्यो के सम्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर Bid Submission की अंतिम तिथि 20.04.2026 है।

| क्र. | टेंडडर नंबर | संस्था एवं स्वीकृत कार्य का नाम | अनुमानित राशि (लाख में) | टेंडर शुल्क | धरोहर राशि | अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 188150 | Upgradation work of Milk Plant at Sukma | 19.98 | 1500 | 20,000 | 03 माह | 'डी' या उच्च वर्ग |

| | | |
|---|---|---|
| 01 | ई- निविदा प्रारंभ तिथि | दिनांक 30.03.2026 |
| 02 | निविदा की अंतिम तिथि (आनलाईनबीड सब्मीशन) | दिनांक 20.04.2026 समय 11.59 pm |
| 03 | निविदा हेतु चालान, अमानत राशि एवं दस्तावेज प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दिनांक 22.04.2026 समय 05.30 pm |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 23.04.2026, समय 11.00 am से |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in तथा इस कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास सुकमा

जी-262700111/6

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा का गांव-बस्ती चलो अभियान एक ढकोसला : आलोक



**महासमुंद।** छग राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष और पीसीसी के संयुक्त महासचिव आलोक चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने स्थापना दिवस से छग में गांव बस्ती चलों अभियान,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चल रहे संगठन सृजन कार्यक्रम की नक़ल है,संगठन सृजन कार्यक्रम में सभी नेता और कार्यकर्ता गण गांव गांव जाकर संगठन का काम कर रहे हैं और जनता जनार्दन से बात कर रहे हैं । ढाई साल की भाजपा की छत्तीसगढ़ की सरकार के कार्यकाल में बिजली महंगी,धान खरीदी में अनियमितता,सड़कों की जर्जर हालत, बदहाल शिक्षा व्यवस्था, योजनाओं में भ्रष्टाचार,500 में गैस की सौगात,महतारी वंदन की राशि की समस्या से ग्रसित है और ये चुनिंदा 50 गांव में सुनियोजित भाजपाइयों को एकत्रित कर गांव बस्ती चलो अभियान का कार्यक्रम का फ्टा ढोल पीटने की नौटंकी करने जा रहे हैं। छ ग के हर विधानसभा में 175.200 से अधिक गाँव है। भाजपा के नेता,कार्यकर्ताओं को यह समझ में आ गया है की जो छल मोदी की गारंटी के नाम पर छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ किए हैं ,जो ठगे हैं गांव गांव में जो या तो शराब दुकान खुलवा रहे हैं या अवैध शराब बिकवा रहें है ,अफीम की खेती करवा रहे है जिसके चलते ये लोग जनता के सवालो का सामना करने से बच कर सिर्फ प्रोपोगंडा करने वाले है इसीलिए सुनियोजित साजिश से चुनिंदा गांव में जाकर ये कार्यक्रम करने की शुरुआत कर रहे हैं । श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस के कार्यक्रम की नकल तो कर लोगे लेकिन कांग्रेस का बलिदानी इतिहास जो देश को आजाद करने के लिए है और स्वतंत्र भारत के स्वर्णिम नवनिर्माण और अपनी प्राणों की आहुति दी है वो कहां से लाओगे ।

### धमतरी में नए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का भूमिपूजन 11 अप्रैल को

**धमतरी।** जिले के इतवारी बाजार क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नवीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम 11 अप्रैल 2026, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे कोतवाली थाना के समीप संपन्न होगा। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं जिला पंचायत धमतरी के अध्यक्ष अरुण सर्वा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नेहरू निषाद (अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग आयोग), प्रकाश बैस (जिला अध्यक्ष, भाजपा), मोनिका देवांगन (सभापति, जिला पंचायत धमतरी), श्रीमती कौशल्या देवांगन (सभापति, स्पीकर नगर निगम धमतरी), चन्द्रभागा (पार्षद, पोस्ट ऑफिस वार्ड) एवं नम्रता माला (पार्षद, बांधापारा वार्ड) उपस्थित रहेंगी। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला धमतरी द्वारा आयोजित इस भूमिपूजन कार्यक्रम में आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की गई है।

### जिला स्तरीय बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता 12 से

**धमतरी।** जिले के युवाओं को खेल के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करने और नए खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 12 अप्रैल 2026 से स्थानीय वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गंगरेल में आयोजित होगी। इसके लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता ओपन कैटेगरी में आयोजित की जाएगी, जिसमें आयु की कोई बाध्यता नहीं होगी। प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में आयोजित की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। जिले में पहली बार इस प्रकार की बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

# वार्ड चलो अभियान के माध्यम से संगठन को मजबूत करने का संकल्प : बीज निगम अध्यक्ष

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** स्थानीय इमली भाठा वार्ड क्रमांक 2,3,10 पर बूथ चलो अभियान में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चन्द्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठनात्मक विस्तार और जनसंपर्क को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से बूथ चलो अभियान का शुभारंभ किया है।

इस अभियान का लक्ष्य प्रत्येक बूथ स्तर तक पार्टी की पहुंच सुनिश्चित करना और आम नागरिकों के साथ सीधे संवाद स्थापित करना है, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को अपने.अपने बूथ क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यकर्ता घर.घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा भविष्य की नीतियों की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाएंगे। उदबोधन की अगली कड़ी में नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा बूथ चलो अभियान का प्रमुख उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करना,



नए मतदाताओं को जोड़ना तथा अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करना है। पार्टी का मानना है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने कहा प्रिय साथियों आज हम सब बूथ चलो अभियान के लिए एकत्र हुए हैं। यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य का प्रतीक है। लोकतंत्र की असली ताकत बूथ स्तर पर ही दिखाई देती है। भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू ने कहा बूथ चलो अभियान के अंतर्गत बूथ समितियों को सक्रिय किया जाएगा, स्थानीय मुद्दों पर संवाद बढ़ाया जाएगा तथा जन.आकांक्षाओं को समझते हुए समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा। आभार प्रदर्शन शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने किया।

कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला मंत्री मनीष बंसल, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा ,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी सुनैना ठाकुर, एम आर विश्वनाथन हनीश बग्गा, सुजाता विश्वनाथन, प्रभा साहू ,मधु यादव ,सुधा साहू, दिनेश बेहरा, गोविन्द ठाकुर ,पप्पू ठाकुर,नंदू जलक्षत्री,रोशन बग्गा, उषा पाल ,वैभव तोमर ,शरद मराठा, ज्ञानेश्वरी सर्वा ,पुष्प लता सिन्हा दुर्गा चंद्राकर ,आयुष दुबे, हरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# जल कलश यात्रा के साथ अछोला में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वावधान एवं गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के मार्गदर्शन में ग्राम अछोला में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ भव्य जल कलश यात्रा के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन शांति कुंज प्रतिनिधियो एवं गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद की बहनों की टोली द्वारा किया गया।

प्रथम दिवस आज गायत्री माता के पूजन एवं युग संगीत के साथ जल कलश की भूमिका पर प्रकाश डाला गया तत्पश्चात भव्य जल कलश यात्रा बाजे गाजे एवं संगीत के साथ निकाली गई। मुख्य अतिथि के रूप में विश्व नाथ रैला उप सरपंच ग्राम पंचायत अछोला थे। इस अवसर पर महासमुंद से वरिष्ठ जनों में उप जोन रायपुर से एम एल साहू, ललित मेश्राम, बोधराम साहू, हीरालाल साहू, रिखीराम साहू एवं परस चौहान, कैलाश साहू, अछोला से बिसोहा साहू, प्रीत राम, जगदीश एवं अन्य परिजन उपस्थित रहे और उन्होंने जनसमूह को संबोधित किया। महिला मंडल से पूर्णिमा साहू, निशा चंद्राकर, नीतू साहू, प्रेमलता साहू, धनेश्वरी, पिंकी कनेश्वरी, दुलारी आदि



बहने उपस्थित थे। कल प्रातः देव आवाहन के साथ नौ कुंडीय यज्ञ का शुभारंभ होगा साथ ही विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे तथा प्रतिदिन संध्या 4 बजे से प्रज्ञा पुराण की कथा होगा। इस 4 दिवसीय यज्ञीय कार्यक्रम का 13 मई को पूर्णाहुति के साथ समापन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शांति कुंज हरिद्वार से आए युग ऋषि पुत्रो द्वारा किया जायेगा। उक्त जानकारी भारत सिंह साहू ने दी है।

# मार्च में राशन से वंचित उपभोक्ताओं को 4 माह का राशन प्रदान करें सरकार : विनोद

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा सरकार द्वारा मनाए जा रहे चावल उत्सव को सस्ता प्रचार का माध्यम बताते हुए कहा कि अप्रैल माह में एकमुश्त तीन माह का चावल प्रदान करने की बात सरकार कर रही है। जबकि, महासमुंद शहर के सैकड़ों हितग्राहियों को मार्च महीने का चावल नहीं मिल पाया है।

मार्च महीने में साफ्टवेयर अपडेट तथा केवायसी अपडेट के बहाने चावल वितरण प्रभावित हुआ था। ऐसे अनेक गरीब बीपीएल हितग्राही परिवार हैं, जिनके परिवार के एक या दो सदस्य के केवायसी अपडेट नहीं होने पर उनका चावल रोक दिया गया था। उसके बाद साफ्टवेयर अपडेट के नाम पर लगभग सप्ताह भर चावल वितरण बाधित कर दिया गया। जिससे महासमुंद शहर के लगभग 460 सहित महासमुंद विधानसभा के सैकड़ों गांवों के हजारों बीपीएल हितग्राहियों को मार्च का राशन नहीं मिल पाया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि यह हाल शहर सहित पूरे जिले व प्रदेश का है। प्रदेश भर में लाखों हितग्राहियों



का राशन रोका गया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि चूंकि, अब सरकार चावल उत्सव के नाम पर अपना प्रचार.प्रसार कर रहा है। ऐसे में अप्रैल, मई व जून कुल तीन माह का चावल देने की बात कही जा रही है। लेकिन, मार्च का राशन जिन्हें नहीं मिला उन्हें मार्च, अप्रैल, मई, जून कुल चार माह का चावल प्रदान किया जाना चाहिए। सैकड़ों गरीब परिवार हैं, जो प्रशासनिक निरंकुशता के चलते राशन से वंचित हो गए हैं। पहले सरकार ने केवाईसी के नाम पर राशन वितरण में बाधा डाला। हजारों उपभोक्ताओं का राशन कार्ड केवाईसी के बहाने निरस्त कर दिए गए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पहले ही राशन कार्ड बनाते समय आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज लिए गए थे, तो अचानक बड़ी संख्या में कार्ड निरस्त करने की क्या आवश्यकता थी। भाजपा की साय सरकार नहीं चाहती कि सभी पात्र लोगों को राशन उपलब्ध कराया जाए। इसलिए केवाईसी अपडेट को बहाना बनाकर लाखों परिवारों को व्यवस्था से बाहर किया जा रहा है। इससे बड़ी संख्या में लोग राशन के लिए भटकने को मजबूर हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में पीडीएस व्यवस्था पारदर्शी और विश्वसनीय मानी जाती थी। गरीबों को व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत राशन कार्ड जारी किए गए थे, जिसमें स्थानीय निकायों की भागीदारी और दावा.आपत्ति की प्रक्रिया शामिल थी। 2023 में सरकार बदलने के बाद पुनः राशन कार्डों को निरस्त कर लोगों को नए कार्ड बनवाने के लिए मजबूर किया गया। वर्तमान में भी प्रदेश के लाखों परिवार केवाईसी के अभाव में राशन से वंचित हैं।

# मुक्तिधामों में शवदाह के लिए पालिका करेगी नि :शुल्क लकड़ी व कंडे की व्यवस्था, बुजुर्गों को पालिका लाने-ले जाने चलेगी महतारी एक्सप्रेस

### नपाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया 93 करोड़ 76 लाख 81 हजार के शहर विकास का बजट

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में शुक्रवार को परिषद की बैठक के दौरान पालिका के वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया गया। पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने अनुमानित राशि 93 करोड़ 76 लाख 81 हज़ार का बजट प्रस्तुत करते हुए नागरिक सुविधाओं पर विशेष फोकस किया है। पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने साफ संकेत दिया है कि महासमुंद नगर पालिका शहर की जनता की सुविधाओं और विकास पर केंद्रित होकर काम करेगा। जिन योजनाओं पर अमल किया जा सकता है, उन प्रमुख विषयों को प्राथमिकता दी गई है। पालिका अध्यक्ष श्री साहू द्वारा प्रस्तुत यह बजट बुजुर्गों, गरीबों के हित तथा शहर के बुनियादी ढांचे को और मजबूत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक बजट के रूप में देखा जा रहा है। बजट में नगर के



तीनों मुक्तिधामों में शवदाह हेतु निःशुल्क लकड़ी एवं कंडे की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इस पहल से गरीब शोक ग्रस्त परिवारों को संबल मिलेगा। इसके अलावा नपाध्यक्ष ने नगर के विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए बजट में शामिल किया है। जिसमें प्रमुख रूप से नगर में पशुओं की सेवा हेतु पालिका द्वारा निःशुल्क गौ सेवा रथ वाहन प्रारंभ करने, बुजुर्गों को पालिका कार्यालय तक आवागमन हेतु महतारी एक्सप्रेस की व्यवस्था, विठोबा टॉकीज के सामने माकड़े दुकान के पास भव्य महामाया प्रवेश द्वार निर्माण, संजय कानन के सामने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण, कांग्रेस भवन के बाजू पुराना पानी टंकी के पास व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण, पालिका दफ्तर में नागरिक सुविधा केंद्र, राजस्व भवन निर्माण, गुरु गोविंद सिंह उद्यान का उन्नयन एवं उद्यान में शहीद,आजाद भगत सिंह जी की प्रतिमा स्थापना, पालिका कार्यालय में ई ऑफिस की व्यवस्था, सुभाष नगर व पीतियाझर बस्तियों के मध्य मुक्तिधाम निर्माण, नयापारा के सभी स्लम एरिया में ट्यूबलर पोल एवं प्रकाश व्यवस्था आदि सहित कुल 19 बड़े कार्यों के लिए 93 करोड़ 76 लाख 81 हज़ार रुपए का अनुमानित बजट पेश किया गया है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्री साहू सहित नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति श्रीमती ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय कुमार देवांगन, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद राहुल आवड़े, सीता टोंडेकर, विकी मुस्ताक खान, श्रीमती जरीना हाफिज कुरैशी, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, नीरज चंद्राकर, बड़े मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, श्रीमती भारती चंद्राकर, पवन पटेल, भाऊ राम साहू, पीयूष अमृत साहू, श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनाधार सोनवानी, महेंद्र जैन, हाफिज कुरैशी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष का जताया आभार

समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** पिथौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से सौजन्य मुलाकात कर अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने एवं जमीनी स्तर पर कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए क्षेत्र में संगठन विस्तार एवं जनसमस्याओं के निराकरण हेतु सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी।



मुलाकात के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए संगठन हित में एकजुट होकर का करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ एवं पंचायत स्तर तक मजबूत करना ही प्राथमिकता है, जिससे आम जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

इस दौरान उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चक्रधारी, महामंत्री महेंद्र साहू एवं खेमराज साहू, रेशम चक्रधारी, सेक्टर प्रभारी केशवराम साहू, सचिव चोवाराम साहू, देवेंद्र चक्रधारी, रूपचंद चक्रधारी, टेकराम साहू, भानुराम यादव, संजय बरिहा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अब ग्रामीणों को मौके पर मिल रहा न्याय, डूबान क्षेत्रों में लिंक कोर्ट शुरू

### डूबान क्षेत्रों के लिए बड़ी राहत : अकलाडोंगरी लिंक कोर्ट से त्वरित निराकरण, ग्रामीणों के राजस्व संबंधी कार्य निपटाए

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** धमतरी जिले के दूरस्थ डूबान प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में लिंक कोर्ट का सरल एवं बिना तामझाम के शुभारंभ किया गया। इस अभिनव व्यवस्था का उद्देश्य राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण करना तथा तहसील मुख्यालय से दूर बसे ग्रामीणों को उनके ही क्षेत्र में न्याय सुविधा प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि बीते 03 अप्रैल 2026 को कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा इस सुविधा की घोषणा की गई थी, जिसे आज जमीनी स्तर पर लागू करते हुए प्रशासन ने एक नई शुरुआत की है।

प्रथम दिवस पर ग्राम पंचायत भवन अकलाडोंगरी में आयोजित लिंक कोर्ट में



अकलाडोंगरी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पीठासीन अधिकारी (अतिरिक्त तहसीलदार) की उपस्थिति में विभिन्न राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। वन अधिकार पत्रक सुधार के तहत आवेदक श्री कौशल कुमार (पिता श्री गेंद लाल) के प्रकरण में मूल पत्रधारी के निधन के उपरांत उनके वारिसानों का नाम सफ्लतापूर्वक दर्ज किया गया। फौती नामांतरण के तीन मामलों में त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ की गई, वहीं चार प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर मौके पर ही त्रुटि सुधार की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके अतिरिक्त जाति प्रमाण पत्र एवं भूमि सीमांकन हेतु दो नए आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही ग्रामीणों को खाता विभाजन, नामांतरण एवं अन्य राजस्व प्रक्रियाओं की जानकारी सरल भाषा में देकर विधिक जागरूकता भी बढ़ाई गई। प्रशासन द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार ग्राम पंचायत भवन अकलाडोंगरी में प्रत्येक गुरुवार को लिंक कोर्ट का नियमित आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कोटवारों एवं ग्राम स्तरीय तंत्र के माध्यम से इस व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति तक भी इस सुविधा का लाभ पहुंच सके। यह पहल न केवल ग्रामीणों के समय एवं धन की बचत करेगी, बल्कि राजस्व मामलों में पारदर्शिता, त्वरित कार्यवाही एवं प्रशासन के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ करेगी। साथ ही यह ÷न्याय आपके द्वार÷ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हो रही है।

# रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

### जनपद कार्यालय के सामने महापौर ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं का एक विशेष जत्था बड़े उत्साह, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ अयोध्या के लिए रवाना हुआ। जनपद कार्यालय के सामने आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिक निगम धमतरी के महापौर श्री रामू रोहरा एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा धुव्र मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना किया और सभी की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।



इस अवसर पर महापौर श्री रामू रोहरा ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि प्रभु श्रीराम केवल एक आस्था नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और मर्यादा के सर्वोच्च आदर्श हैं। उनका जीवन हमें सत्य, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग और अनुशासन का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद देशभर में श्रद्धालुओं के मन में अपार उत्साह है और हर कोई प्रभु के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य करना चाहता है।महापौर ने आगे कहा कि इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं और समाज में भाईचारा, एकता एवं सद्भाव को मजबूत बनाती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे यात्रा के दौरान संयम, अनुशासन एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, ताकि यह यात्रा सभी के लिए सुखद अनुभव बन सके।

श्री रोहरा ने यह भी कहा कि नगर निगम सदैव श्रद्धालुओं की सुविधा और सहयोग के लिए तत्पर है तथा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के जयघोष के साथ जत्थे को विदाई दी। पूरे परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

# एक दिवसीय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर आयोजित



### जेल में परिरूद्ध 46 बंदियों का किया गया स्वास्थ्य जांच

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** जिला शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक धमतरी द्वारा बीते दिनों जिला जेल धमतरी में एक दिवसीय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेल में परिरूद्ध 46 बंदियों का स्वास्थ्य जांच परीक्षण एवं उपचार कर औषधी वितरित की गई। सहायक अधीक्षक, जिला जेल श्री एन.के.डहरिया ने बताया कि शिविर में बंदियों का उच्च रक्तचाप, मधुमेह, उदरविकार, त्वचाविकार, वातरोग इत्यादि की जांच कर आयुर्वेद औषधी एवं रोग से बचाव संबंधी परामर्श दिया गया। इस मौके पर जिला शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक धमतरी के आयुष चिकित्सक डॉ. योगेश कुमार नेताम, आयुर्षविंग एवं पंचकर्म सहायक श्री संजय कुमार पटेल, फार्मासिस्ट श्री लीलाराम साहू सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ▶▶ न्यूज ब्रीफ

### अजीत नियुक्त हुए जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष

**भाटापारा।** शहर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीत वाजपेयी को जिला कांग्रेस कमेटी में जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर उन्होने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश



बघेल नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर सहित सभी कांग्रेसजनो के प्रति आभार प्रकट किया है इधर अजीत वाजपेयी को उपाध्यक्ष की महत्तवपूर्ण जवाबदारी मिलने पर राजा तिवारी, अयुब्ब बांठिया, जहीर बांठिया, संतोष सोनी, अशोक तिवाड़ी, मोहन निषाद, मनमोहन कुर्रे, पवन सबलानी, रोशन हबलानी, जग्गा राव, मुकेश दास हेवार, भरत लाल वर्मा, गयाराम वर्मा, नवीन बक्श, मनोज जैन, आनंद मिश्रा, संजय केशरवानी, विनोद अग्रवाल, रंजीत यदु, मुकेश साहू, रोहित साहू, सुरेश वाधवानी, नरेन्द्र यदु रमेश यदु, अरूण यदु, इंश्वर सिंग ठाकुर संजय बघेल, मुरली ओझा, गोपाल शर्मा, सुनील गुप्ता, सुशील शर्मा आबिद खान, गोपाल साहु, शैलेश नितिन त्रिवेदी, जितन्द्र तिवारी, जित्तु अजयकांत शुकला, अजय पांडे, राजा त्रिवेदी, प्रवीण चावड़ा, अजय ठाकुर, ठाकुर राम साहू, चंद्रकांत खुटे, पूर्णिमा श्रीवास दानी भाट हिरमत बाई साहू, कुमारी जांगड़े, सतीश अग्रवाल, रमेश यदु, इंद्र साव, बसंत भृगु, अशोक ध्रव, अमर मंडावी, सुनील माहेश्वरी, चंदू साहु, कृष्णा कुमार नायक, सुरेन्द सिंग ठाकुर, नरेन्द्र यदु सहित अन्य कांग्रेसजनो ने बधाई प्रेषित की है।

### अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी की हुई बैठक



**गरियाबंद।** आज शुक्रवार को ब्लाक गरियाबंद के अंश कालीन स्कुल सफाई कर्मचारी संघ का ब्लाक स्तरीय बैठक शाई मंदिर गरियाबंद मे आयोजित किया गया,जिसमे संगठन को मजबुत करते हुए नये ब्लाक पदाअधिकारियों का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष युगल किसोर साहू उपाध्यक्ष बिरेन्द यादव महिला उपाध्यक्ष रूखीन सोरी,सचिव सुरेश चक्रधारी,कोषाअध्यक्ष हुमन सिंग धुव्र,संरक्षक हरिशंकर यादव,मिडिया प्रभारी सत्यनारायण दिवान एवं वासुदेव नागेश एव सदस्य पुखराज धुव्र 'मोहनी साहू,भुनेश्वरी यादव,जमुना बाई सोरी, पुनिता देवंशी,टिकेश्वरी मरई,संगीता धुव्र,मिथलेश धुव्र,सरवन सोम,संतोष सोनवानी,बिष्णु देवंशी उपस्थित थे।संरक्षक हरिशंकर यादव ने बताया की हमे13,14 वर्ष हो गया स्कुल मे साफसफाई का काम करते आ रहे है और हमारा काम सिर्फ2 घंटा काम करने का है 8 से 10 बजे तक लेकिन अधिकतर स्कुल मे 4 बजे स्कुल स्कुल बंद करने को बुलाया जाता है,जबकी हमे 2 घंटा के अधार पर सिर्फ3460 रुपये मानदेय मिलता है और आज के महंगाई को देखते हुए 3460 रुपये मे घर परिवार चलाना कठिन हो गया है इसलिए संगठन को मजबुत कर सरकार को जगाने का प्रयास करेंगे ।

### डुप्लीकेट गुटखा जमकर खपाया जा रहा है

**भाटापारा।** शहर क्षेत्र में इन दिनो डुप्लीकेट गुटखा की जमकर बिक्री की जा रही है विभिन्न कंपनियों की गुटखा जमकर बिक्री की जा रही है कई कंपनियो के ऐसे डुप्लीकेट गुटखा पान ठेलो होटल दुकानो मे बड़ी आसानी से उपलब्ध है ओरिजनल जैसे दिखने वाले इस गुटखा पैकेट व पाउच को जमकर खपाया जा रहा है। वही खाद्यय एवं औषधि प्रशासन की टीम के द्वारा जांच पड़ताल नही किये जाने से डुप्लीकेट गुटखा बाजार मे जमकर बिके जा रहा है, जिससे कि विक्रेताओं के हौसले बुलंद है। गुरूवार 12 बजे क्षेत्रवासियो ने इसकी जांच की मांग की है।

# कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण कर किसानों से की चर्चा



**समवेत शिखर संवाददाता**

**भाटापारा।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अपने भाटापारा प्रवास के दौरान खपराडीह स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने वहां पर विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया और केन्द्र के अधिष्ठाता से विस्तृत जानकारी प्राप्त की ।

शर्मा ने इस केन्द्र की लोकेशन को उत्तम बताते हुए यहां उन्नत नर्सरी विकास के साथ फसल विविधकरण का मॉडल तैयार करने कहा ताकि यहां आने वाले किसान इसका अवलोकन कर फायदा ले सकें। उन्होंने पाम आयल की खेती को लाभदायक बताते हुए इसकी खेती के लिये किसानों को प्रोत्साहित करने और इसका नर्सरी तैयार करने कहा ताकि किसानों को पौधे आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने इस वर्ष जिले में लगभग 200 एकड़ में पाम ऑयल की खेती के लिये लक्ष्य निर्धारित कर कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने दुग्ध उत्पादन इकाई का भी अवलोकन किया और जरुरी निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने केन्द्र परिसर में आम का पौधा लगाया।

इसके पश्चात कलेक्टर शर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रदर्शनी सह प्रशिक्षण केन्द्र में उपस्थित किसानों से मुलकात की और उनसे यहां खेती के विषय में मिलने वाली जानकारी के सम्बन्ध में पूछताछ की। उन्होंने किसानों से कहा कि रबी के मौसम में धान की खेती में पानी अधिक लगता है जिससे भू- जल का अधिक दोहन होता है। रबी में तिलहन, दलहन, मसूर की खेती करें। इसके उपज को समर्थन मूल्य में समिति में खरीदा जा रहा है। उन्होंने फसल विविधिकरण से उन्नत किसान बनने प्रोत्साहित किया। किसानों ने बताया कि केन्द्र में खेती के वैज्ञानिक तरीके बताए जाते है जिसका फायदा मिलता है। उक्त अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल, कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिष्ठाता अंगद सिंह राजपूत, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, उप संचालक कृषि दीपक नायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजुद थे।

# विकास बने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, तिल्दा-नेवरा में खुशी की लहर

### सिंधी सेवा महापंचायत में बड़ी नियुक्ति

**तिल्दा-नेवरा।** छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत में संगठनात्मक विस्तार के तहत एक बड़ी और महत्वपूर्ण नियुक्ति की घोषणा की गई है। महापंचायत के अध्यक्ष अमर गिदवानी की अनुशंसा पर महासचिव जितेंद्र बडवानी ने समाजसेवी विकास सुखवानी को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। इस नियुक्ति के बाद रायपुर से लेकर तिल्दा-नेवरा तक सिंधी समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

महापंचायत के प्रवक्ता दिनेश अठवानी द्वारा जारी नियुक्ति-पत्र में बताया गया कि प्रदेश स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, सामाजिक गतिविधियों को गति देने तथा सिंधी समाज की सेवा भावना को व्यापक स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। समाज के वरिष्ठ



पदाधिकारियों का मानना है कि विकास सुखवानी के अनुभव, सक्रियता और सरल व्यक्तित्व का लाभ पूरे प्रदेश में संगठन को मिलेगा।

तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में सिंधी समाज के लिए स्थायी सामाजिक गतिविधियों और आयोजनों हेतु भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में भी विकास सुखवानी की भूमिका को बेहद अहम माना जाता है। समाजजनों के बीच यह चर्चा लंबे समय से रही है कि सिंधी समाज को जमीन आवंटन कराने की प्रक्रिया में उनकी सक्रिय पहल, लगातार संपर्क और प्रभावी समन्वय का बड़ा योगदान रहा। इसी कारण स्थानीय समाज में उनकी छवि एक मजबूत और भरोसेमंद नेतृत्वकर्ता के रूप में बनी है।

राजनीतिक और सामाजिक हलकों में विकास सुखवानी को मंत्रीगणों के करीबी के रूप में भी देखा जाता है, लेकिन उनकी असली पहचान हमेशा समाज सेवा, सहज व्यवहार और सभी वर्गों के लिए उपलब्ध रहने वाले व्यक्तित्व की रही है। तिल्दा-नेवरा सहित आसपास के क्षेत्रों में जब भी किसी सामाजिक, धार्मिक या मानवीय सहयोग की जरूरत पड़ी, विकास सुखवानी ने हमेशा आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाई है।

समाज के लोगों का कहना है कि विकास सुखवानी केवल पद तक सीमित व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे धन, मन और तन से समाज सेवा करने वाले समर्पित सेवक हैं। सिंधी समाज ही नहीं, बल्कि अन्य समाजों की छोटी-बड़ी समस्याओं में भी वे हमेशा खड़े नजर आते हैं। किसी परिवार की सहायता हो, सामाजिक आयोजन हो, जरूरतमंदों के लिए सहयोग हो या युवाओं को जोड़ने की पहल–हर क्षेत्र में उनकी सक्रियता सराहनीय रही है।

महापंचायत के पदाधिकारियों और समाज के वरिष्ठजनों ने उम्मीद जताई है कि विकास सुखवानी के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी। प्रदेशभर में सिंधी समाज को संगठित करने, सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने और नई पीढ़ी को संगठन से जोड़ने की दिशा में तेजी से काम होने की संभावना जताई जा रही है।

नियुक्ति की घोषणा के बाद तिल्दा-नेवरा, रायपुर और अन्य क्षेत्रों से समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। स्थानीय समाज में इसे तिल्दा-नेवरा के लिए गौरव का क्षण माना जा रहा है।

# यातायात जागरूकता और साइबर सुरक्षा शिविर का किया गया आयोजन

### परिवहन विभाग द्वारा 250 युवाओं से लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए आवेदन

**समवेत शिखर संवाददाता**



**गरियाबंद।** थाना शोभा क्षेत्रातंर्गत कन्या आश्रम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने और बढ़ते साइबर अपराधों से बचाने के उद्देश्य से आज ग्राम शोभा में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस शिविर में मुख्य रूप से लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस बनाने,सायबर फ्रड से बचाव और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया गया।कार्यक्रमें एसडीओपी.मैनपुर ओ.पी. कुजूर,थाना प्रभारी शोभा ज्ञानेष्वर सिंह गंगवाल, यातायात प्रभारी रामाधार मरकाम एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों के द्वारा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में डिजिटल लेनदेन के दौरान सतर्कता बरतना अनिवार्य है। किसी भी अनजान व्यक्ति से ओटीपी साझा न करने और संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी गई। साथ ही, यातायात पुलिस के अधिकारियों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सड़क संकेतों के पालन का महत्व समझाया ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।परिवहन विभाग को लर्निंग ड्राइविंग लायसेंस बनवाने के लिए कुल 250 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर ही आवेदकों के दस्तावेजों की जांच कर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधी और ग्रामीण जन उपस्थित थे।ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से न केवल सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिलता है,बल्कि वे अपराधों के प्रति भी सतर्क होते हैं।

# बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने मंडल में बनी रणनीति

### कांग्रेस खरोरा मण्डल की बड़ी बैठक हुई

**समवेत शिखर संवाददाता**

**खरोरा।** रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अंतर्गत खरोरा मंडल की आवश्यक बैठक खरोरा में रखा गया ! इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव और अभियानों के मद्देनजर ग्राम कमेटी, वार्ड कमेटी और बूथ कमेटियों का गठन कर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबू बनाना है।

बैठक में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने शिरकत की और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। सांगठनिक चर्चा के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।विनोद चन्द्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन जिला प्रभारी बुथ-वार्ड एवं ग्राम चलो अभियान रायपुर ग्रामीण पप्पू राजेन्द्र बंजारे जी ,अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी



रायपुर (ग्रामीण), अश्वनी वर्मा जी अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा, ब्लॉक प्रभारी लक्ष्मीनारायण वर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक, खरोरा मण्डल अध्यक्ष रविंदर बबलू भाटिया ने संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश कार्यकर्तावो को दी वह, रिक्त वार्ड एवम बूथ मे नियुक्तियां भी की गई। बैठक में खरोरा मंडल के सभी सेक्टर प्रभारी को जल्द बूथ की न्युक्ति की जिम्मेदारी तय की गई।बैठक में क्षेत्र के सक्रिय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख नाम हैंः पार्षद सुरेंद्र गिलहरे , धनेश वर्मा, कपिल नशीने ,श्याम लाल बघेल, विजय साहू, अतुल अग्रवाल, राजेश पटेल, भानुप्रताप भट्ट, स त नवरंगे,मुकेश ठाकुर, ,शंकर रात्रे,ललित कटारे,सीता चौहान,संदीप साहू,अजहर खान, मीराज खान, घनश्याम बंजारे,राजू पाल, पटेल,परमेश्वर नायक छबिला सेन सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थिति थे। बैठक के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी वर्मा ने कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता अब हर बूथ पर मुस्तैदी से तैनात रहेगा। ग्राम स्तर पर कमेटियों का गठन तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि शासन की जनविरोधी नीतियों के खिलाफमजबूती से आवाज उठाई जा सके और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाया जा सके।

# बोल बम सेवा समिति द्वारा लावारिश लाश के रूप में अज्ञात शव को दी गई सद्गति

**समवेत शिखर संवाददाता**



**कुरूद।** बोल बम सेवा समिति कुरूद द्वारा नया तालाब कुरूद किनारे मिले अज्ञात शव को कुरूद के हिन्दु मुक्तिधाम में कफ़न-दफन (अंतिम संस्कार) कुरूद थाना की अनुमति एवं पुलिस स्टाफकी मौजूदगी में बोल बम सेवा समिति के पदाधिकारियों- सदस्यों के द्वारा किया गया। अज्ञात लाश को समिति द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया, बोल बम सेवा समिति का यह 74 वाँ लावारिश शव है जिसे सद्गति प्रदान किया गया। सद्गति देने वालों में समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष नंद आमदे, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, सह कोषाध्यक्ष भारत साहु, सहसचिव कमल शर्मा, बोल बम सेवा समिति के सदस्यों में कृष्णा ढीमर, सीताराम, राजा चन्द्राकर, रवि यादव, अमित कुमार, विक्रम सहित पुलिस टीम मे रामसेवक बमबोडे प्रधान आरक्षक, महेश साहु आरक्षक, संतोष ध्रुव आरक्षक की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# श्रवण भोई भाजपा किसान मोर्चा खरोरा के मंडल महामंत्री नियुक्त

**समवेत शिखर संवाददाता**

**खरोरा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष श्री परदेसी राम साह धरसीवां विधानसभा के लोकप्रिय विधायक श्री अनुज शर्मा जी भाजपा रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री श्याम नारंग खरोरा भाजपा मंडल के अध्यक्ष श्रीमती सोना वर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठों की सर्व सहमति से खरोरा मंडल भाजपा किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री श्रवण भोई को नियुक्त किया गया है श्रवण भोई भारतीय जनता पार्टी के लिए एक ऐसा छोटा कार्य करता है।

जिसने पार्टी के लिए समर्पित रूप से कार्य किया है चाहे वह लोकसभा चुनाव हो चाहे विधानसभा चुनाव हो या नगर पंचायत की चुनाव हो वह पिछले 25 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के लिए तन मन से अपनी सेवा दे रहे हैं और सभी के संपर्कों में रह रहे हैं इस संबंध में श्रवण भोई का कहना है कि मैंने भारतीय जनता पार्टी के लिए एक समर्पित छोटा सा कार्यकर्ता हूं मैं हमेशा पार्टी एवं संगठन के लिए अपना सहयोग दिया हूं चुकीं पार्टी ने मुझे आज योग्य समझकर जो दायित्व दिया है उसका मैं सम्मान करते हुए निर्वाह करूंगा आज मुझे पार्टी के वरिष्ठों ने जो सम्मान दिया है उसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा और सभी वरिष्ठों को प्रणाम करता हूं कि मैं पार्टी की मजबूती के लिए तन मन से कार्य करूंगा। इनकी नियुक्ति से आज खरोरा मंडल व नगर में एक खुशी की लहर दौड़ पड़ी है खरोरा नगर में एक



उत्साह देखा जा रहा है श्रवण भोई को मंडल महामंत्री बनाए जाने पर सभी ने बधाई दिया है मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ श्री राजीव अग्रवाल जी नरेंद्र ठाकुर जी सुरेंद्र वर्मा जी सुमित सेन जी सुनील नायक जी सचिन अग्रवाल जी मुरली वर्मा जी दुलेश साहू जी नूतन बंछोर जी श्री निखिल वर्मा जी शेखर वर्मा जी गोपाल देवांगन जी विष्णु सेन जी लाला नसीने जी गज्जू सेन जी विनोद यादव जी संतराम विश्वकर्मा जी एवं भारतीय जनता पार्टी/किसान मोर्चा/युवा मोर्चा/पिछड़ा वर्ग मोर्चा/अनुसूचित जाति मोर्चा/अनुसूचित जनजाति मोर्चा/अल्पसंख्यक मोर्चा/महिला मोर्चा और खरोरा मंडल एवं नगर के सभी पदाधिकारी। व कार्यकर्ताओं ने श्री श्रवण भोई को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# खरोरा से लश्करे हैदर कमेटी द्वारा शाही संदल धूमधाम से निकाला गया

**समवेत शिखर संवाददाता**

**खरोरा।** बुधवार 8 तारीख को लश्करे हैदर कमेटी खरोरा द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य और शाही अंदाज में संदल जुलूस निकाला गया। यह संदल जुलूस मुस्लिम मोहल्ले वार्ड 10 से प्रारंभ होकर तिगड्डा बस स्टैंड तक पहुंचा, जहां से आगे यह आरंग उर्स के लिए रवाना हुआ।

यह संदल हजरत सैयद मूसा सईद के उर्स मुबारक के अवसर पर निकाला गया, जिसमें खरोरा लश्करे हैदर कमेटी द्वारा दरगाह में प्यार और अकीदत के साथ संदल पेश किया गया। इस दौरान स्थानीय समाजसेवी दिलराज चाबड़ा ने अपनी टीम के साथ जुलूस का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने पुष्प वर्षा कर सभी का अभिनंदन किया तथा जुलूस में शामिल सभी को शरबत वितरित कर भाईचारे और एकता का संदेश दिया।

लश्करे हैदर कमेटी के सदर हसनैन रजा



खान एवं नायब सदर राशिद खान ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यह परंपरा हर वर्ष आरंग उर्स के अवसर पर बड़े ही उत्साह और प्रेम के साथ निभाई जाती है। इस वर्ष भी कमेटी के सदस्यों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ संदल निकाला और आरंग पहुंचकर पूरे अदब के साथ दरगाह में पेश किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से हसनैन रजा खान (सदर), राशिद खान (नायब सदर), इरफान खान (सचिव), मेराज खान, शफीक खान बाबा, नूर खान, सादिक खान, आवेश खान,रियाज ख़ान अज्जू अली हुसैन, फैज, सलीम, जुगनू, भोला, सेजल यादव, रमजान कुरैशी, आशिफ खान, असलम खान, जैद, शिफान, अयान खान एवं अदनान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कमेटी द्वारा यह भी बताया गया कि यह धार्मिक परंपरा निरंतर जारी रहेगी और हर वर्ष इसी तरह भव्यता के साथ संदल जुलूस निकाला जाता रहेगा।

# पुलिस की प्रभावी एवं मजबूत सूचना तंत्र से अंतरराज्यीय ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह को पकड़ने में मिली सफलता

**समवेत शिखर संवाददाता**

**भाटापारा।** शहर की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रेलवे स्टेशन भाटापारा के पास में मोबाइल के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैंचो पर ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले एक आरोपी सटोरिया अजय बतरा को गिरफ्तार किया गया था।

इस दौरान आरोपी से 01 मोबाइल, नगदी रकम 5780 रूपये एवं मोबाइल पर आईपीएल मैचों में लगाया हुआ ऑनलाइन सट्टा का स्क्रीनशॉट जप्त किया गया। आरोपी सटोरिया के विरूद्ध थाना भाटापारा शहर में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 07 के तहत अपराध क्र. 121/2026 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में तकनीकी टीम द्वारा आरोपी से जप्त किये गये मोबाइल का तकनीकी विश्लेषण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि आरोपी अजय बत्रा रूवीबेट



नामक पैनल आईडी के माध्यम से क्रिकेट सट्टा का संचालन कर रहा था। साथ ही यह भी पता चला कि इस पैनल आईडी के माध्यम से हिमांचल प्रदेश में बैठकर एक बहुत बड़े गिरोह द्वारा क्रिकेट सट्टा का संचालन किया जा रहा है। विवेचना क्रम में प्रकरण में धारा 314,317(4),317(2),111 बीएनएस 66सी, एवं 66डी आईटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई। प्रकरण में मिले पर्याप्त एवं ठोस सबूत के आधार पर संपूर्ण गिरोह का पर्दाफाश करने एवं इस ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाला गिरोह को पकड़ने हेतु पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा एवं एसडीओपी भाटापारा को दिशा निर्देश प्रदान किया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना भाटापारा शहर की टीम द्वारा प्रकरण में जप्त मोबाइल, उपलब्ध तकनीकी एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर ग्राम परवानू जिला सोलन हिमाचल प्रदेश में कैंप कर आरोपियों के ठिकाने के संबंध में पर्याप्त सबूत इकट्ठा कर एक मकान में दबिश दिया गया। मकान के अंदर प्रवेश करते ही पुलिस ने पाया कि आरोपियों द्वारा एक सांथ आईपैड, लैपटॉप, मोबाइल आदि विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के माध्यम से एवं पेशेवर तरीके से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का संचालन किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा मौके से 16 आरोपियों को क्रिकेट सट्टा का संचालन करते हुए रंगे हाथों मौके से हिरासत में लिया गया तथा आरोपियों से 07 लैपटॉप, 02 आईपैड, 48 मोबाइल सहित भारी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, 09 एटीएम और 02 बैंक खाता जप्त किया गया है। आरोपियों द्वारा संपूर्ण भारत में ऑनलाइन क्रिकेट का जाल फैलाया गया था। तथा रूवीबेट पैनल आईडी के माध्यम से ब्रांच-08, ब्रांच-27, ब्रांच-35 लिंक पर आईडी बनवाकर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित किया जा रहा था इस ग्राम परवानू जिला सोलन हिमांचल प्रदेश से किराए के मकान से संचालित किया जा रहा था।

# मैथ्स और साइंस ओलंपियाड में अग्रणी रहे बच्चों का हुआ सम्मान

**समवेत शिखर संवाददाता**

**कुरूद।** कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद में विद्यालय की होनहार प्रतिभाओं जिन्होंने विगत सत्र मैथ्स और साइंस ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन कर अपनी एक अलग पहचान बनाई थी, उनका सम्मान किया गया।

यह कार्यक्रम एसओएफ ओलंपियाड जो कि उच्च स्तर पर बच्चों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने आयोजित होता है , इसमें विद्यालय के बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर गणित और विज्ञान विषय के प्रति अपनी लगन और ज्ञान कौशल को प्रस्तुत कर अलग अलग स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई थी।इन बच्चों ने इस स्पर्धा में अपने विषय संबंधित तर्क कौशल और ज्ञान बद्धता को बड़े ही मजबूती से पेश किया था। जिसके दम पर इन्हे गोल्ड मेडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान



कर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य के मंजीता ठाकुर ने इन प्रतिभाशाली बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि इन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और विषय के प्रति समर्पण से शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के सभी बच्चें इनसे प्रेरणा लेकर अपने सपनों को आयाम दे सकते है साथ ही अपने माता पिता के सपनों को पूरा कर सकते है।इस शानदार सफलता हासिल करने वाले सभी बच्चों को मेरी ओर से हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य की अग्रिम शुभकामनाएं।इस दौरान गणित और विज्ञान विभाग से अमर सिंह, हरवंश बनपेला, नवीन यादव ,नवीन कुमार नंद, करण सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने छत्तीसगढ़ सदन में सीएम साय से की मुलाकात



**गरियाबंद।** राजधानी दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ की राजनीति से जुड़ी एक अहम मुलाकात सामने आई है।पूर्व नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने छत्तीसगढ़ सदन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश एंव क्षेत्र के विकास,संगठन की मजबूती और स्थानीय मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।गफ्फू मेमन ने मुख्यमंत्री साय को अपने क्षेत्र की समस्याओं और जन अपेक्षाओं से अवगत कराया,और उन्हें गरियाबंद आने का न्योता दिया।

### 200 ट्रैक्टर अवैध रेत नदी में वापस डलवाया गया, 2 हाइवा वाहन जब्त



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर नियंत्रण हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा ग्राम नवापारा में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की गई। जिला खनि अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान स्थल पर अवैध रेत भंडारण पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही नदी किनारे डंप लगभग 200 ट्रैक्टर रेत को वापस नदी में डलवाया गया।कार्रवाई के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त 02 हाईवा वाहनों को जब्त कर पुलिस लाइन में सुरक्षार्थ रखा गया है।दर्ज प्रकरण पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### साहू समाज ने कर्मा माता स्थापना दिवस मनाया



**भाटापारा।** शहर से 5 किलोमीटर दुर ग्राम तरेंगा में हनुमान सागर साहू पारा के तत्वाधान में कर्मा माता स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें महेन्द्र साव सहित साहू समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

### काल्पनिक बजट से वाहवाही : भाजपा पार्षद

**महासमुंद।** न.पा. उपाध्यक्ष देवीचंद राठी,पूर्व नपाध्यक्ष पार्षद पवन पटेल पार्षदगण श्रीमती सीता तोण्डेकर,जरीना हफीज कुरैषी, कल्पना सूर्यवंशी,श्रीमती माधुरी यदू, चन्द्रशेखर बेलदार, भारती राजू चंद्राकर, भाउराम साहू, पियूश साहू, शुभ्रा शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र जैन, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी ने नगर पालिका मे 2026-27 के बजट को काल्पनिक बजट बताते हूये कहा की पूर्व 2025-26 मे के आंकडे को लाया गया है प्रधानमंत्री आवास योजना जो कि केन्द्र व राज्य सरकार की महती योजना है जिसे जानबुझकर नही जोडा गया है जबकी बीतें वित्तीय वर्श मे लग भग 150 से अधिक गरीबों के आवास स्वीकृत होकर निर्माण हो चुके है कुछ निर्माणाधीन है। लगभग 375 लाख रू शासन से पालिका को आवास के लिये प्राप्त हुयें है ऐसी महती योजना की अनदेखी नपाध्यक्ष द्वारा की गई केवल कागजों का जमा खर्च किया गया। केन्द्र सरकार द्वारा एन.यू.एल.एम के तहत करोड़ो रूपये र प्रतिवर्ष पालिका को प्राप्त होती है जिसे भी छोड दिया गया। बजट को औचित्यहीन बताया गया है।गरीबों एवं पंक्ति मे खडे अंतिम वयक्ति के लिये कोई राहत नही है बल्कि वित्तीय भार को पालिका के उपर बढ़ाया जा रहा हैं। नगर पालिका के मुलभूत कार्य बिजली, सफाई, पानी के लिये कोई बडा प्रावधान बजट में नही हैं।मुढेना एवं बेलसोंडा मे फिल्टर प्लॉट की हालत पर कोई विचार नही किया गया।

# प्रकृति में जनजातीयों की अटूट आस्था, देवी-देवताओं के वास से जल जंगल का हो रहा संरक्षण व संवर्धन : मंत्री नेताम

» कॉमन्स संवाद सम्मेलन में विशेषज्ञों ने सामुदायिक शासन पर दिया जोर
» कॉमन्स क्विनिंग' के समापन समारोह में शामिल हुए मंत्री श्री नेताम



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।**आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि देश के लगभग सभी राज्यों में जनजातीय समुदाय के लोग निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 10 करोड़ से अधिक जनजातीय समुदाय हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीयों का जल, जंगल, जमीन, नदी-नालों और पहाड़ों में अटूट आस्था है। जनजातीय समुदाय पेड़ पौधों, नदी-नालों में देवी-देवताओं का वास मानते हैं और इन्ही संस्कृति और परंपराओं के कारण वनवासी समुदाय प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में पहले पायदान पर है।

मंत्री श्री नेताम ने शुक्रवार को नवा रायपुर स्थित जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित दो दिवसीय राज्य-स्तरीय संवाद सम्मेलन 'छत्तीसगढ़ कॉमन्स क्विनिंग' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सामुदायिक संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गहन मंथन हुआ है। इस मंथन में जो भी तथ्य निकलकर आएंगे उसकी उपयोगिता नीति निर्माण और जनहित में कैसी होगी इसके लिए हमारी सरकार तत्परता के साथ काम करेगी।

मंत्री श्री नेताम कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समुदायों के विभिन्न समस्याओं और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के लिए एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन करने जा रही है। इस टास्क फोर्स की संवेदनशीलता और महत्व को देखते हुए इसकी कमान स्वयं मुख्यमंत्री संभालेंगे, जो इसके अध्यक्ष होंगे। नीतिगत निर्णयों के धरातल पर प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को मिलाकर एक विशेष कार्यान्वयन समिति भी बनाई जाएगी, जो बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगी ।

श्री नेताम ने कहा कि पेसा (पंचायत उपबंध अधिनियम) और एफआरए (वनाधिकार अधिनियम) के क्रियान्वयन के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों, विशेष रूप से सीमाओं के निर्धारण (डिमार्केशन ऑफ बॉउंड्रिस) जैसी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की बात कही। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के प्रति उत्तरदायित्व का भाव जागृत करते हुए कहा, ÷हम केवल इन साझा संसाधनों के उपयोगकर्ता ही नहीं, बल्कि इनके संरक्षक भी हैं, और हमारा उपभोग केवल अपनी वास्तविक आवश्यकताओं की पूर्ति तक ही सीमित होना चाहिए÷। इस टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य राज्य भर में जनजातीय कल्याण से जुड़ी नीतियों के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर करना और समुदायों को उनके अधिकार दिलाना है ।आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने कहा कि यह टास्क फोर्स विशेष रूप से पेसा और वनाधिकार अधिनियम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगी।

उन्होंने कहा कि हमारी विरासत में जनजातीय बोली, भाषा, समुदायिक नेतृत्व समृद्ध है। जल, जंगल, जमीन के संरक्षण व संवर्धन में इन जनजातीयों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति उनके ज्ञान, उनका उद्देश्य, जल जंगल से जुड़े हुए हैं। उनका रिश्ता प्रकृति से है। वे प्रकृति को मां के रूप में, देवता के रूप में पूजते हैं। उनके दैनिक क्रियाकलापों से लेकर मृत्यु तक के उत्सव प्रकृति के संरक्षण में सहायक सिद्ध होती है।प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि इन दो दिनों तक चले अधिवेशन में छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के 300 से अधिक प्रतिभागियों, नीति विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और ग्राम प्रमुखों ने भाग लिया। चर्चा का मुख्य केंद्र राज्य की 70 लाख एकड़ 'कॉमन्स' भूमि (जंगल, चारागाह और जल निकाय) रही, जो ग्रामीण और जनजातीय आबादी की जीवन रेखा है। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना, धरतीआबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, नियद नेल्ला नार जैसे विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों एवं जनजातीय समुदाय के सम्पूर्ण विकास के साथ ही प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम कर रहे हैं।

आगे भी सामुदायिक सहयोग से बेहतर दिशा में काम किया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री वी. श्रीनिवास राव ने जोर दिया कि सामुदायिक सहयोग के बिना विशाल वनों और जैव विविधता की रक्षा संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य की वन नीतियां प्रतिबंधात्मक नहीं, बल्कि विनियामक हैं। मनरेगा आयुक्त श्री तारण प्रकाश सिन्हा ने कहा कि जल संरक्षण जनजातीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने मनरेगा के माध्यम से वंचित समुदायों को जल प्रबंधन में जोड़ने पर बल दिया।

## असम प्रदेश में अबकी बार कांग्रेस सरकार का दावा, असम प्रदेश में चुनाव प्रचार कर वापस आए सुशील शर्मा



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** अखिल भारतीय कॉंग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं असम प्रदेश के प्रभारी जितेंद्र सिंह भँवर ने भाटापारा कृषि ऊपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा को असम प्रदेश के दरंग जिला में राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया था।

अपनी नियुक्ति के पश्चात सुशील शर्मा 8 फरवरी से लेकर 28 अप्रैल तक तथा 19 मार्च से लेकर 8 अप्रैल तक लगभग 39 दिवसीय असम प्रदेश के दरंग जिला मंगलदाई में रहकर कॉंग्रेस प्रत्याशी श्रीमती रिजुमोनी तालुकदार का जोरशोर से सघन चुनाव प्रचार किया है। सुशील शर्मा ने वापस आने पर बताया कि इस बार असम प्रदेश में कॉंग्रेस पार्टी गौरव गोगाई के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है पूरे प्रदेश में कॉंग्रेस के पक्ष में जोरदार लहर चल रही है जनता जनार्दन प्रदेश में परिवर्तन करने को आतुर दिखाई दे रहे है, भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा अपनी तानाशाही नीतियों के कारण जनता का विश्वास पूरी तरह खो चुके है।

सुशील शर्मा ने अपनी सजग और जुझारू कार्यशैली के अनुरूप ईमानदारी और सक्रियता पूर्वक कार्य कर वापस गृह निवास भाटापारा आ चुके है।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में गड़बड़ी!

'जनमन' के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल उजागर

कागजों में सड़क, जमीन पर गड्ढे, ग्रामीणों ने उठाई जांच की मांग

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आदिवासी बाहुल्य और विशेष पिछड़ी जनजाति के गांवों को शहरों से जोड़ने का सपना अब सवालों के घेरे में है। ÷जनमन÷ क्षेत्र में सड़क निर्माण में भारी अनियमितताओं की शिकायत सामने आई है, जहां करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद सड़कें या तो अधूरी हैं या कुछ ही महीनों में या कहे कि कुछ दिनों में ही सड़क उखड़ने लगे है।

ऐसा ही मामला शिकासेर मार्ग से बेगर पाला और मरदा कला ग्राम तक बना प्रधानमंत्री सड़क जो स्तर हीन बना है जिसके चलते कुछ ही दिनों में उखड़ने लगा है,उसे राहगीर देखकर विभाग पर उंगली उठा रहे है।वही उसी मार्ग के इंजीनियर को उस सड़क के निर्माण की लागत और दूरी जानने के लिए फोन लगाया गया तब उन्होंने थोड़ी देर में जानकारी देने की बात कही और कॉलिंग नम्बर को ब्लैक लिस्ट में डाल दिए। जिससे विभाग की मिलीभगत स्पष्ट हो चला है और जनमन क्षेत्र में बनाई जा रही ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया,जिससे नई सड़कें बनी तो है लेकिन कुछ ही दिनों में दम तोड़ने लग गया है,जिसे राह में चलने वाले लोग हाथों से उखाड़कर देख रहे है और प्रधानमंत्री सड़क विभाग के साथ राज्य शासन को कोसते दिख रहे है।

वही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिना कार्य पूर्ण किए ही बिल पास हो रहा है, विभाग द्वारा सड़क निर्माण के घटिया मटेरियल से निर्माण को नहीं देख रहे है।तकनीकी मानकों की अनदेखी किया जा रहा है साथ ही निगरानी में भी लगे इंजीनियर की लापरवाही बताया जा रहा है।इन सब शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होना विभाग की मिलीभगत को दर्शाता है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं।इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारी अब तक स्पष्ट जवाब देने से बचते नजर आ रहे हैं। हालांकि सूत्रों के मुताबिक,उच्च स्तर पर शिकायत पहुंचने के बाद जांच की संभावना जताई जा रही है।

वही ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और सड़क का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराया जाए।

ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री की इस योजना का उद्देश्य गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है, लेकिन यदि जमीनी स्तर पर इसी तरह की गड़बड़ियां होती रहीं, तो यह योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आएगी।

# पीएलजीए कमांडर समेत 42 लड़ाकों ने डाले हथियार

कमांडर, डिप्टी-कमांडर रैंक के नक्सली भी शामिल, 36 हथियार, 1007 जिंदा कारतूस, 800 ग्राम सोना साथ लाए

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर/हैदराबाद।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य तेलंगाना में नक्सल मोर्चे पर सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में शुक्रवार को पीएलजीए बटालियन के कमांडर सोढ़ी केसा समेत कुल 42 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में वापसी की है।

सरेंडर करने वाले नक्सलियों में पीएलजीए बटालियन के 21, दंडकारण्य स्पेशल जोन कमेटी के 10 और तेलंगाना स्टेट कमेटी के 11 माओवादी कैडर्स शामिल हैं। सरेंडर करने वालों में कुख्यात नक्सली सोढ़ी मल्ला उर्फकेशल उर्फनिर्मल और मडकम भीमा उर्फगंजेड उर्फमुन्ना जैसे नाम शामिल हैं, जिन पर कई बड़ी वारदातों में शामिल होने का आरोप रहा है।




### 36 हथियार, 1007 जिंदा कारतूस और 800 ग्राम सोना बरामद

आत्मसमर्पण के दौरान नक्सलियों ने 36 आधुनिक हथियार जमा किए। इनमें,च-47, स्न्फ़ ढ्ढह्लस्, 303 राइफल, पिस्टल, रिवॉल्वर और अन्य हथियार शामिल हैं। इसके अलावा 1007 जिंदा गोलियां और 800 ग्राम सोना भी बरामद किया गया है, जो नक्सलियों की आर्थिक और सैन्य गतिविधियों की ओर इशारा करता है।

### पीएलजीए के 21 कैडर, तेलंगाना से भी जुड़े नक्सली शामिल

21 पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) के सदस्य, 11 डीकेएससी (दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी), 10 टीएससी (तेलंगाना स्टेट कमेटी) के कैडर शामिल हैं।

### कौन है सोढ़ी केसा

सोढ़ी केसा को सोडी केशालू भी कहा जाता है, माओवादियों की पीएलजीए बटालियन नंबर 1 का बड़ा और अहम चेहरा था। वह करीब 30 साल से माओवादी गतिविधियों में शामिल था। सुकमा जिले के एक गांव से निकलकर वह संगठन में बड़े पद तक पहुंच गया था। बताया जाता है कि बस्तर के कई युवाओं को गुमराह कर उन्हें माओवादी संगठन में जोड़ने में उसकी बड़ी भूमिका रही थी।

### बारिश का दौर थमा, अब गर्मी पड़ेगी, 4 से 6 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान, पानी गिरने के आसार नहीं

**भोपाल।** इस साल अप्रैल में भीषण गर्मी की बजाय आंधी-बारिश और ओले वाला मौसम रहा। 1 से 9 अप्रैल तक प्रदेश में कहीं न कहीं मौसम बदला। ढ्ढरूष्ठ (मौसम केंद्र) भोपाल के अनुसार, शुक्रवार से प्रदेश में बारिश का दौर थमेगा और भीषण गर्मी पड़ने लगेगी। इससे दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। बता दें कि अप्रैल की शुरुआत में ही आंधी-बारिश के स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहे। गुरुवार को भी साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) की एक्टिविटी देखने को मिली। इनके असर से पूर्वी हिस्से के उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला, सिवनी और बालाघाट में मौसम बदला रहा। कहीं तेज आंधी चली तो कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार से सिस्टम का असर खत्म हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि अगले 5 दिन तक प्रदेश में कहीं भी बारिश होने का अनुमान नहीं है। यानी, मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। मौसम विभाग की मानें तो 15 अप्रैल को उत्तर-पश्चिमी हिस्से में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होगा। हालांकि, एमपी में इसका असर कम ही देखने को मिलेगा।

# आंगनबाड़ी केवल पोषण नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण की पाठशाला बने : मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।**महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल पोषण और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा तक सीमित न रखते हुए उन्हें 'संस्कार निर्माण की पाठशाला' के रूप में विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि 3 से 6 वर्ष की आयु बच्चों के सर्वांगीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है, जिसमें दिए गए संस्कार जीवनभर उनकी सोच और व्यवहार को दिशा देते हैं।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में राज्य शैक्षणिक अनुसंधान केंद्र के ईसीसीई के राज्य स्तरीय रिसोर्स पर्सन एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर रही थीं। बैठक में प्रदेश के 52,518 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को संस्कारपरक शिक्षा से जोड़ने के लिए ठोस पहल करने पर विचार किया गया।

उन्होंने कहा कि बच्चे का पहला विद्यालय उसका घर और आंगनबाड़ी होता है, इसलिए यहां दी जाने वाली शिक्षा में भारतीय जीवन मूल्यों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। संस्कारपरक शिक्षा का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक अवस्था से ही बड़ों का सम्मान, सत्य बोलना, स्वच्छता, अनुशासन, प्रकृति प्रेम तथा 'धन्यवाद' और 'क्षमा' जैसे व्यवहारिक गुणों का विकास करना है।

मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों में इस प्रकार की शिक्षा को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कई व्यवहारिक सुझाव दिए। उन्होंने दिन की शुरुआत प्रार्थना, योग और प्राणायाम से करने, पंचतंत्र एवं लोककथाओं के माध्यम से नैतिक शिक्षा देने, त्योहारों और महापुरुषों की जयंती के जरिए सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ाने, तथा दैनिक व्यवहार में 'नमस्ते', स्वच्छता और अनुशासन को शामिल करने पर बल दिया। साथ ही बच्चों में श्रम के प्रति सम्मान और प्रकृति प्रेम विकसित करने के लिए पौधारोपण एवं स्वच्छता जैसे छोटे-छोटे कार्यों को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की बात कही।

उन्होंने अभिभावकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि महीने में 'संस्कार सभा' आयोजित कर माता-पिता को भी इस प्रक्रिया से जोड़ा जाए, ताकि घर और आंगनबाड़ी दोनों स्थानों पर बच्चों को समान वातावरण मिल सके।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि इस पहल से बच्चों में आत्मविश्वास, भाषा कौशल और सामाजिक व्यवहार का विकास होगा, साथ ही कुपोषण के साथ 'चरित्र पोषण' भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि संस्कारित बच्चे आगे चलकर अनुशासित विद्यार्थी और जिम्मेदार नागरिक बनते हैं, जिससे समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव तैयार होती है।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को 'दूसरी माँ' की भूमिका निभाते हुए बच्चों को प्रेमपूर्वक संस्कार देने का आह्वान किया। वर्तमान सामाजिक परिवेश में बढ़ती सामाजिक बुराइयों और मानवीय मूल्यों में गिरावट को देखते हुए उन्होंने प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को 'संस्कार-केन्द्र' के रूप में विकसित करने पर जोर दिया।

## रोहरा में लाल ईट भट्ठा को हटाने की मांग



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** निकटवर्ती गांव रोहरा में लाल ईटा भट्ठा का कारोबार प्रशासन की उदासीनता से फल फुल रहा है।

शासन प्रशासन व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं करने के कारण लगातार गांव का वातावरण प्रदुषित हो रहा है वही इस संबंध में शिवकुमार यदु व धनेश कुमार यदु ने कहा है कि अस्पताल से महज 50 मीटर की दुरी पर स्थापित लाल ईटा भठ्ठा का धुल व धुआ एवं उससे उठती असहनीय बदबु हवा के कारण संपर्णू अस्पताल का वातावरण प्रदुषित हो रहा है जिससे ग्रामवासी परेशान है।

समस्त ग्रामवासियों ने शासन प्रशसान से ईटा भठ्ठा को हटाए जाने कि मांग की है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2026-28 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

# भैरमगढ़ में नारी शक्ति का उदय स्वावलंबन की ओर बढ़ते कदम



समवेत शिखर संवाददाता

**बीजापुर।** जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे एवं जनपद पंचायत सदस्य दशरी कोरसा ने भैरमगढ़ ब्लॉक मुख्यालय में जेंडर रिसोर्स सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इस केंद्र के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। सीईओ ने अपने संबोधन में कहा कि जेंडर रिसोर्स सेंटर के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे वे अपने अधिकारों का बेहतर तरीके से उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिला समूह एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आपत्तिजनक फोटो-मैसेज वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में पुलिस ने बहनोई को आपत्तिजनक तस्वीरें और मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज फैलाए थे। मामला चारामा थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की बहन ने 25 मार्च को चारामा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 24 और 25 मार्च 2026 को उसके बहनोई मुकेश ठाकुर ने अपने मोबाइल नंबर से कई इंस्टाग्राम आईडी बनाईं। इन आईडी और व्हाट्सएप ग्रुप का इस्तेमाल कर उसने पीड़िता की आपत्तिजनक तस्वीरें और मैसेज वायरल किए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 79, 75, 238, 319 बीएनएस और आईटी एक्ट की धारा 67(ए), 66(डी), 66(ई) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।घटना के बाद से आरोपी मुकेश ठाकुर फरार था, जिसकी तलाश की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने बदनाम करने की नीयत से इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक तस्वीरें और मैसेज वायरल किए थे। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। आरोपी की पहचान मुकेश ठाकुर (30) निवासी धनगांव, बालोद के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे 9 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जिले के अंतिम छोर के गांवों में पहुंचीं कलेक्टर, निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**कोंडागांव।** कभी दुर्गम मार्गों एवं परिस्थितियों के कारण जहां पहुंचना कठिन था, वहां अब सड़क एवं अधोसरंचना निर्माण के चलते विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना बुधवार को जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम कुधुर एवं तुमड़ीवाल के दौरे पर पहुंचीं और विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने ग्राम कुधुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि केंद्र का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए तथा ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। साथ ही छात्रावास निर्माण हेतु चिन्हांकित भूमि का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ग्राम तुमड़ीवाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क से पहुंचीं और विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर प्रत्येक घर तक पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही विद्युतीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत घरों तक बिजली पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्कूल भवन का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए। उन्होंने नवनिर्मित सड़क का भी अवलोकन किया तथा आवश्यकतानुसार पुल-पुलिया निर्माण के संबंध में संबंधित विभाग को निर्देशित किया।

### आधार शिविर में कम उपस्थिति पर सख्त हुए एसडीएम, लापरवाहों पर कार्रवाई के निर्देश

**बीजापुर।** अनुविभागीय अधिकारी जागेश्वर कौशल ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, नैमेड में आयोजित आधार शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिविर में छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पर उन्होंने गहरी नाराज़गी व्यक्त की। एसडीएम ने स्कूल की प्रिंसिपल, संकुल समन्वयक तथा लापरवाही बरतने वाले संस्था प्रमुखों पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी शिविरों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी बीजापुर नागेश निषाद एवं खंड स्रोत समन्वयक राजेश मिश्रा को निर्देशित किया गया कि शिविर को गंभीरता से नहीं लेने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिले के सभी अध्ययनरत बच्चों के लिए आधार कार्ड, अपार आईडी, जाति प्रमाणपत्र एवं जन्म प्रमाणपत्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए विभिन्न स्कूलों एवं संकुलों में लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन ने इस अभियान को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी बच्चा आवश्यक दस्तावेजों से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान आधार मैनेजर संतोष एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कोंड्रा भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री साय के करकमलों से होगा मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान का ऐतिहासिक आगाज

## ग्राम पंचायतों में होगा सजीव प्रसारण

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के स्वास्थ्य ढांचे में एक नए अध्याय की शुरुआत होने जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आगामी 13 अप्रैल को एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान तथा अटल आरोग्य लैबोरेटरी का गरिमामय शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री जी के हाथों होने वाले इस महत्वपूर्ण उद्घाटन को लेकर पूरे जिले में भारी उत्साह है और इस पल को यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है।

इस गौरवशाली अवसर की महत्ता को देखते हुए राज्य स्तर से यह निर्देशित किया गया है कि मुख्यमंत्री जी के संबोधन और शुभारंभ कार्यक्रम की जानकारी जन-सामान्य तक सीधे पहुंचे। इसके लिए तकनीक का सहारा लेते हुए बस्तर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम की सजीव वेबकास्टिंग सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा शुरू किए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदूर अंचलों तक पहुंचाना है। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए ग्राम पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है। ग्राम पंचायत सचिवों और नोडल अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे मुख्यमंत्री जी के इस विजन को धरातल पर उतारने के लिए तत्काल सभी आवश्यक तकनीकी प्रबंध पूर्ण करें। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु पृथक से वेबकास्ट लिंक साझा की जाएगी, जिससे बस्तर का हर नागरिक मुख्यमंत्री जी के इस स्वास्थ्य संकल्प से सीधा जुड़ सकेगा।

# दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर कृत्रिम अंग व प्रमाण पत्र वितरित

समवेत शिखर संवाददाता



**कोंडागांव।** जिला प्रशासन कोंडागांव के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु 6 अप्रैल 2026 से 8 अप्रैल 2026 तक तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराना तथा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर वितरण करना था।

शिविर के अंतिम दिन 8 अप्रैल 2026 को नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल की उपस्थिति में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा 4 दिव्यांगजनों को कैलीपर्स, 14 लोगों को कृत्रिम हाथ/पैर, 11 हितग्राहियों को ट्रायसायकल तथा 3 लोगों को व्हीलचेयर प्रदान की गई।

इसके साथ ही कुल 55 पंजीकृत दिव्यांगजनों में से 46 का निःशक्त प्रमाण पत्र बनाकर मौके पर ही वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नागरिकों को कानूनी सहायता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, समाज कल्याण विभाग की अधिकारी ललिता लकड़ा, मेडिकल टीम, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गर्मी में राहत के लिए बस्तर में हैंडपंप संधारण अभियान तेज, महिला तकनीशियन बनी बदलाव की ताकत

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट से निपटने के लिए राज्य शासन एवं बस्तर संभाग के आयुक्त श्री डोमन सिंह के निर्देशानुसार पूरे बस्तर संभाग में हैंडपंप संधारण का विशेष अभियान तेजी से संचालित किया जा रहा है। विगत 15 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक चलने वाले इस अभियान में सभी जिलों में व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

अभियान के तहत विशेष रूप से अंदरूनी दुर्गम एवं पहाड़ी बसाहटों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को गर्मी के दौरान पेयजल की उपलब्धता हो सके। इस अभियान की खास बात यह है कि इसमें महिला शक्ति भी अहम भूमिका निभा रही है। राज्य शासन द्वारा नियुक्त महिला हैंडपंप तकनीशियन गांव-गांव पहुंचकर न सिर्फ हैंडपंपों की मरम्मत कर रही हैं, बल्कि ग्रामीणों को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति भी जागरूक कर रही हैं। यह अभियान ना केवल पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने में मददगार साबित हो रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनसहभागिता और महिला सशक्तिकरण का भी अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बस्तर परिक्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक जिले में 2 से 3 मोबाइल संधारण वाहन तैनात किए गए हैं। इन वाहनों में तकनीकी टीम के साथ जीआई पाइप, रॉड एवं अन्य आवश्यक स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध हैं, जिससे शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंचकर त्वरित मरम्मत की जा रही है। अभियान के तहत अब तक कुल 1273 हैंडपंपों का सुधार किया जा चुका है, जिसमें बस्तर मंडल में 856 तथा कोंडागांव मंडल में 417 हैंडपंपों की मरम्मत शामिल है। वर्तमान में यह अभियान निरंतर जारी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर 1916 जारी किया गया है, जिसके माध्यम से ग्रामीण सीधे सूचना दे सकते हैं।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# एशिया चैंपियनशिप में आयुष शेट्टी का कारनामा, दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने एशिया चैंपियनशिप 2026 के मेंस सिंगल क्वार्टरफाइनल में शानदार खेल दिखाया है। इस दौरान उन्होंने इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया है, जो दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी हैं। इस जीत के साथ ही भारत का एक मेडल पक्का हो गया है। हालांकि, आयुष सेमीफाइनल में भी अपनी इसी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे और जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह बनाना चाहेंगे।

20 वर्षीय आयुष ने 2023 में क्ष्क्ष्स्न वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, इस मैच में दबाव में भी बिल्कुल शांत रहे। पहले गेम में उन्होंने दो गेम प्वाइंट्स बचाए और खुद एक पॉइंट चूकने के बाद भी 23-21 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ी कई बार बराबरी पर थे, लेकिन 10-9 की बढ़त लेने के बाद आयुष ने अपनी लय बनाए रखी और 21-17 से मैच अपने नाम कर लिया। ये मुकाबला 54 मिनट तक चला।

इस जीत के साथ आयुष शेट्टी अब सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से भिड़ेंगे। आयुष इस पूरे टूर्नामेंट में अब तक एक भी गेम नहीं हारे हैं जो उनकी फॉर्म को दिखाता है। आयुष ने टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में भी मजबूत विरोधियों को हराया था। इस दौरान उन्होंने चीन के 7वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी शी फेंग और चाइनीज ताइपे के ची यू जेन को हराकर क्वार्टर फाइनल तक पहुंच बनाई थी।

आयुष शेट्टी की ये जीत न सिर्फ उनके करियर के लिए बल्कि पूरे भारतीय बैडमिंटन के लिए बेहद अहम है। युवा खिलाड़ी का आत्मविश्वास और मैच फिनिशिंग स्किल इस टूर्नामेंट में सबसेज्यादा चर्चा में रहा है।

# पंजाब किंग्स का विजयी रथ रोकने उतरेगी सनराइजर्स, होगी कांटे की टक्कर



**नई दिल्ली (ए)।** पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने वाली पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी।

श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स में यह दिखा दिया है कि एक विजेता टीम पर दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए। फिर चाहे वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 200 रन से अधिक के लक्ष्य काआसानी से पीछा करना हो या मुल्लांपुर की मुश्किल पिच पर पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटन्स को हराना। केकेआर के खिलाफ ईडन गार्डन्स में भी पंजाब किंग्स ने अच्छी शुरुआत की थी। उसके ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने शुरू में ही दो विकेट ले लिए थे लेकिन भारी बारिश और आंधी के कारण उसे अंक बांटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। पिछले सत्र में 500 से अधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने टीम के दृष्टिकोण को स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाड़ी ऑरेंज कैप (टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाला बल्लेबाज) या पर्पल कैप (टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज) हासिल करने की होड़ के बजाय सामूहिक सफलता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उसकी यह मानसिकता कूपर कोनोली की गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 72 रनों की पारी और विजयकुमार वैशाक के गेंदबाज़ी में बढ़ते प्रभाव में स्पष्ट नजर आता है। जहां तक सनराइजर्स हैदराबाद की बात है तो उसके लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है। सनराइजर्स के शीर्ष क्रम में धाकड़ बल्लेबाज हैं लेकिन उनके नहीं चल पाने के कारण टीम लड़खड़ा रही है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ ऐसा देखा गया जब ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की खतरनाक सलामी जोड़ी सस्ते में आउट हो गई थी। हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट जैसे गेंदबाजों की नाकामी के कारण सनराइजर्स हैदराबाद की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

# 'मेरा किरदार एक विरोधाभास लिए हुए है, वह शांत, सफल व्यक्ति है, लेकिन भीतर बहुत सारी भावनाएं दबाकर रखता है : मनीष खन्ना



**मुंबई।** सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) और विराट (रजत वर्मा) की कहानी पेश करता है, जहाँ दोनों प्यार, रिश्तों और ज़िंदगी के नए पड़ाव की चुनौतियों से गुज़रते हैं। जैसे ही उनकी ज़िंदगी स्थिर होने लगती है, कहानी में अनुभवी अभिनेता मनीष खन्ना के प्रवेश से नया मोड़ आता है, जो मिस्टर यश सेठी का जटिल किरदार निभा रहे हैं। यश सेठी 45 वर्षीय, सेल्फ-मेड बिज़नेसमैन हैं, जिनकी मौजूदगी कमरे में आते ही महसूस होती है। महत्वाकांक्षा और अनुभव से बने इस शख्स में अधिकार, संतुलन और गहरी गंभीरता झलकती है। लेकिन, इस सधे हुए व्यक्तित्व के पीछे एक ऐसा इंसान है, जो भीतर से बेहद अकेला और भावनात्मक रूप से अलग-थलग है। उसके भीतर अनसुलझे तूफान और गुस्सा दबा हुआ है, जो अक्सर अचानक बाहर आ जाता है। उनकी शादी सारा सेठी (भूमिका गुरंग) से है, लेकिन यह रिश्ता आदर्श से बहुत दूर है, ठंडा, दूर और अनकहे गिले-शिकवे से भरा हुआ। ऊपर से यह रिश्ता तनावपूर्ण लगता है, लेकिन असलियत कहीं ज्यादा जटिल है। सारा अक्सर हालात को इस तरह मोड़ देती है कि वह खुद को पीड़ित दिखा सके और यश के गुस्से का फायदा उठाती है, खासकर विराट और अन्विता के सामने। मनीष खन्ना का यह किरदार शो में नई भावनात्मक परत जोड़ता है, जहाँ सारा की चालाकियाँ अन्विता और विराट के रिश्ते की मजबूती को परखती हैं। शो में शामिल होने का अपना अनुभव साझा करते हुए मनीष खन्ना ने कहा, जब मैंने पहली बार यश सेठी के बारे में पढ़ा, तो जो बात मेरे साथ रह गई वह थी उसका कॉन्ट्रास्ट।

# कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने सीमापार रोबोटिक सर्जरी करके स्थापित किया नया कीर्तिमान



**मुंबई (ए)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर, जिसका इस वर्ष का संकल्प है –स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ अटूट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने वैश्विक चिकित्सा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विस्मयकारी मिसाल पेश करते हुए, डॉ. टी. बी. युवराजा ने मुंबई में बैठकर मस्कट (ओमान) के मेडिकल सिटी अस्पताल में भर्ती एक 55 वर्षीय महिला की सफल रोबोटिक रेडिकल नेफरेक्टोमी (किडनी निकालने की जटिल सर्जरी) संपन्न की। अत्याधुनिक मेडबॉट तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम के जरिए अंजाम दी गई यह ऐतिहासिक प्रक्रिया भारत की पहली क्रॉस-बॉर्डर रिमोट रोबोटिक सर्जरी मानी जा रही है। यह उपलब्धि उस भविष्य की ओर एक निर्णायक कदम है, जहाँ भारतीय डॉक्टरों की विशेषज्ञता भौगोलिक सीमाओं को लांघकर दुनिया भर के मरीज़ों को वास्तव में जीवनदान दे सकेगी। अत्याधुनिक रोबोटिक प्रणालियों और निर्बाध रियल-टाइम कनेक्टिविटी की मदद से, इस सर्जरी को असाधारण सटीकता और नियंत्रण के साथ पूरा किया गया। इस सफलता ने दुनिया के सामने क्रॉस-बॉर्डर रिमोट सर्जरी की विश्वसनीयता और क्लिनिकल सक्षमता का लोहा मनवाया है। यह क्रांतिकारी उपलब्धि अस्पताल के भविष्य के लिए तैयार और सशक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण ही संभव हो सकी है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, भारत का अग्रणी सेंटर फॉर रोबोटिक सर्जरी का केंद्र है और देश की पहली मेडबॉट तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम भी यहां है। तीन अत्याधुनिक रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स से लैस यह अस्पताल, मल्टी-डिसिप्लिनरी रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में देश का नंबर-1 निजी चिकित्सा केंद्र बनकर उभरा है।

कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल्स के यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी (ग्रुप) डायरेक्टर, डॉ. टी. बी. युवराजा ने–जिनके पास 4200 से भी ज़्यादा रोबोटिक सर्जरी का अनुभव है–इस ऐतिहासिक सफलता पर कहा- ÷आज हम वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के वितरण में एक बुनियादी और क्रांतिकारी बदलाव के साक्षी बन रहे हैं। सीमाओं के पार 'रियल-टाइम' में सर्जरी करने की क्षमता का सीधा अर्थ है कि अब बेहतरीन चिकित्सा विशेषज्ञता तक पहुँच भौगोलिक दूरियों की मोहताज नहीं रही। यह मील का पत्थर महज एक सफल ऑपरेशन नहीं है, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि भविष्य की स्वास्थ्य सेवाएँ भौतिक सीमाओं को कितनी तेजी से लांघ रही हैं। जैसे-जैसे तकनीक हमें सात समंदर पार भी सटीक उपचार पहुँचाने में सक्षम बना रही है, भारत इस महा-परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# सैमसंग ने कैशबैक, ईएमआई ऑफर्स के साथ गैलेक्सी ए57, ए37 की बिक्री शुरू की




**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड,सैमसंग ने अपने नए गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी स्मार्टफोनकी बिक्री 10 अप्रैल से शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी का कहना हैकि नई ए सीरीज़ खासतौर पर युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गईहै, जिसमें एक टिकाउ एवं आकर्षक स्लिम डिजाइन में बेहतर कैमरा, दमदार परफॉर्मेंस और एआई फीचर्स का संयोजन मिलता है।

गैलेक्सी ए57 5जी तीन रंगों–ऑसम नेवी, ऑसम आइसीब्लू और ऑसम लिलैक–में उपलब्ध होगा। इसकी कीमत 8GB/256GB वेरिएंट के लिए56,999 रूपये और 12GB/256GB वेरिएंट के लिए 62,499 रूपये रखी गईहै। वहीं, गैलेक्सी ए37 5त्र ऑसम लैवेंडर, ऑसम ग्रेग्रीन और ऑसम चारकोल रंगों में आएगा, जिसकी शुरुआती कीमत 8GB/128GB वेरिएंट केलिए 41,999 रूपये, 8GB/256GB वेरिएंट के लिए 47499 रुपये और 12GB/256GB वेरिएंट के लिए 52999 रुपये है। ग्राहक गैलेक्सी ए57 और गैलेक्सी ए37 5जी को 'ट्रिपल ज़ीरो स्कीम' के तहत खरीद सकते हैं, जिसमें बिना डाउन पेमेंट, बिना ब्याज और बिना झंझट की सुविधा मिलती है। ये स्मार्टफोन Samsung.com, सैमसंग के एक्सक्लूसिव और पार्टनर स्टोर्स के साथ-साथ अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगे।

**►► न्यूज़ ब्रीफ**

## पुलिस अधीक्षक पाण्डेय का सराहनीय कार्य सामुदायिक पुलिसिंग की मिसाल

**जांजगीर-चाम्पा।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने सराहनीय कार्य करते हुए सामुदायिक पुलिसिंग की मिसाल पेश की है। जिले के सबरीया समुदाय का शराब बनाना छोड़ स्वरोजगार की तरफमोड़ा गया, जिसके बारे में प्रेजेंटेशन राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में दी गई, जहां देशभर के पुलिस अधिकारियों ने इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। विजय कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया कार्य सामुदायिक पुलिसिंग का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। उन्होंने जिले के सबरिया समुदाय जो लंबे समय से अवैध शराब निर्माण जैसी गतिविधियों में संलग्न था, को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभिनव पहल की। पुलिस द्वारा संवेदनशीलता और विश्वास के साथ संवाद स्थापित कर समुदाय को जागरूक किया गया तथा उन्हें इस कुरीति से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया गया।*स्क्र श्री विजय कुमार पाण्डेय* के मार्गदर्शन में समुदाय के लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए, जिससे उन्होंने अवैध कार्यों को त्यागकर वैध और सम्मानजनक जीवन अपनाया। इस प्रयास से न केवल अपराध में कमी आई, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिला।उनके इस सराहनीय कार्य की प्रस्तुति राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में दी गई, जहां देशभर के पुलिस अधिकारियों ने इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की।यह पहल दर्शाती है कि यदि पुलिस संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करे, तो समाज में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन संभव है।



## 'ज्ञानभारतम' पांडुलिपि सर्वेक्षण के लिए सरगुजा में जिला स्तरीय समिति गठित

**अम्बिकापुर।** भारत सरकार के महत्वपूर्ण पहल ÷ज्ञानभारतम÷ पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्वयन तथा पाण्डुलिपियों की पहचान एवं दस्तावेजीकरण करने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर श्री अजीत वसंत समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विनय कुमार अग्रवाल सदस्य सचिव सदस्य सचिव होंगे। समिति के सदस्यों में नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के आयुक्त श्री डी एन कश्यप, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अम्बिकापुर केरजिस्ट्रार डॉ शारदा प्रसाद त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी पुरातत्व श्रीमती शारदा अग्रवाल, सेवा निवृत्त प्राचार्य महेश्वर कालोनी प्रतापपुर रोड अम्बिकापुर श्रीश मिश्र होंगे। ÷ज्ञानभारतम÷ पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत् दिये जाने वाले दिशा-निर्देश का पालन एवं कियान्यन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय कुमार अग्रवाल जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जनगणना 2027 - 13 अप्रैल से प्रारंभ होगा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण - मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) - की तैयारी के अंतर्गत जनगणना कार्य निदेशालय, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में 13 अप्रैल से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा। जारी दिशानिर्देशों के अनुसार यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है। दो फील्ड ट्रेनर्स की जोड़ी द्वारा 40 से 45 प्रतिभागियों के बैचों में 03 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण से पूर्व सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का पंजीयन सीएमएमएस पोर्टल (बमदेनेण्हवअण्पद) पर किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान एचएलओ निर्देश पुस्तिकाएँ, पीपीटी प्रस्तुतियाँ एवं लघु शिक्षण वीडियो हिन्दी भाषा में उपलब्ध कराए जाएंगे।

# डोलोमाइट खदान पर बवाल, जनसुनवाई में ग्रामीणों व नेताओं का जोरदार विरोध

- सैकड़ों सागौन पेड़ों की कटाई पर नहीं हुई कार्रवाई, 11 एकड़ जंगल जमीन पर खनन प्रस्ताव से मचा हंगामा ,
- फर्जी जनसुनवाई के आरोपों के बीच उठी मांग—सीमांकन से पहले नहीं होगी खदान, प्रशासन की मंशा पर सवाल ..

**समवेत शिखर संवाददाता**





**सक्ती।** ग्राम पंचायत डुमरपारा में प्रस्तावित डोलोमाइट खदान को लेकर आयोजित जनसुनवाई 8 अप्रैल बुधवार को भारी विरोध और हंगामे के बीच संपन्न हुई। लगभग 11 एकड़ बड़े झाड़ की जंगल भूमि पर खनन अनुमति के प्रस्ताव के खिलाफ ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। जनसुनवाई स्थल पर पहुंचे लोगों ने इसे ÷गोपनीय तरीके से आयोजित कार्यक्रम÷ बताते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।

जानकारी के अनुसार, क्रेशर संचालक एमआरएस मिनरल्स द्वारा डुमरपारा के जंगल क्षेत्र में डोलोमाइट खनन के लिए अनुमति मांगी गई है। इसी संदर्भ में जनसुनवाई आयोजित की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि इस जनसुनवाई की सूचना समय पर सार्वजनिक नहीं की गई और इसे सीमित दायरे में रखने का प्रयास किया गया। हालांकि अंतिम समय में जानकारी मिलने पर ग्रामीण, स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभिन्न दलों के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस भूमि पर खदान प्रस्तावित है, वह सरकारी जंगल भूमि है, लेकिन उसे निजी भूमि बताकर खनन प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। इस मुद्दे पर जब उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया तो उन्होंने केवल आपत्ति दर्ज कराने की बात कही और विस्तृत जानकारी देने से परहेज किया। इससे लोगों में और अधिक नाराजगी देखने को मिली।

जनसुनवाई में भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने एक स्वर में खदान खोलने की प्रक्रिया का विरोध करते हुए जमीन से जुड़े कथित हेरफेर और प्रशासन की ढुलमुल कार्यशैली पर सवाल उठाए। नेताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और खनन अनुमति निरस्त करने की मांग की।

इस दौरान जिला पंचायत सक्ती की अध्यक्ष द्रोपति कीर्तन चंद्रा भी बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ जनसुनवाई स्थल पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े झाड़ की जंगल भूमि पर लगे सैकड़ों सागौन के पेड़ों की कटाई बिना वैधानिक प्रक्रिया के की गई, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अब उसी भूमि को निजी बताकर खदान खोलने की तैयारी की जा रही है, जो प्रशासन की नीयत पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जनसुनवाई को जानबूझकर गोपनीय रखा गया। न तो जनप्रतिनिधियों को पूर्व सूचना दी गई और न ही स्थल चयन को लेकर पारदर्शिता बरती गई। साथ ही, जनसुनवाई स्थल पर लगाए गए पोस्टरों में खसरा नंबरों का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने पर भी उन्होंने आपत्ति जताई।

ग्रामीणों ने विशेष रूप से खसरा नंबर 2333/8 और 2333/9 को लेकर विवाद उठाया। उनका कहना है कि इन भूखंडों का पहले विधिवत सीमांकन किया जाना आवश्यक है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि जमीन सरकारी जंगल भूमि है या निजी। बिना सीमांकन के किसी भी प्रकार की खनन अनुमति देना नियमों के विपरीत होगा।

भाजपा बाराद्वार मंडल अध्यक्ष गेंदराम मनहर ने जनसुनवाई को ÷गुपचुप तरीके से आयोजित÷ बताते हुए प्रशासन की मंशा पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सैकड़ों सागौन पेड़ों की अवैध कटाई के बावजूद जांच और कार्रवाई नहीं होना गंभीर लापरवाही है। अब उसी भूमि पर खदान खोलने की प्रक्रिया संदेहास्पद प्रतीत होती है।

भाजपा सक्ती मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने प्रशासन से स्पष्ट जवाब मांगते हुए कहा कि संबंधित भूमि की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने से संदेह और गहरा गया है। इसी दौरान उपस्थित लोगों ने नारेबाजी करते हुए जनसुनवाई को ÷फर्जी÷ करार दिया। पूर्व विधायक केशव चंद्रा ने भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए पूरे मामले में साजिश की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि कुछ लोग निजी स्वार्थ के चलते जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वहीं सांसद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र ने कहा कि संबंधित भूमि का मामला न्यायालय में लंबित बताया जा रहा है। ऐसे में अंतिम निर्णय से पहले जनसुनवाई आयोजित करना नियमों के विपरीत है। उन्होंने प्रशासन से स्पष्ट करने की मांग की कि विवादित भूमि पर खनन प्रक्रिया किस आधार पर आगे बढ़ाई जा रही है। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में खदान खोलने का विरोध किया और निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जंगल भूमि पर खनन की अनुमति दी गई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

पूरे घटनाक्रम ने क्षेत्र में प्रशासनिक पारदर्शिता और भूमि विवाद को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# खरीफ सीजन में फार्मर आईडी अनिवार्य बिना आईडी नहीं मिलेगा खाद

### एग्रीस्टैक पोर्टल से जुड़े बिना नहीं मिलेगा उर्वरक, किसानों को जल्द पंजीयन कराने के निर्देश

**समवेत शिखर संवाददाता**

**सक्ती।** खरीफसीजन में उर्वरकों के वितरण को पारदर्शी बनाने और सब्सिडी का लाभ सीधे वास्तविक किसानों तक पहुंचाने के लिए शासन ने ÷फार्मर आईडी÷ को अनिवार्य कर दिया है। अब किसानों को खाद केवल उसी स्थिति में उपलब्ध कराया जाएगा, जब उनका विवरण एग्रीस्टैक पोर्टल में दर्ज होगा।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, एग्रीस्टैक योजना के तहत तैयार की जाने वाली फार्मर आईडी किसान की एक डिजिटल पहचान है, जो आधार कार्ड की तरह एक यूनिक नंबर के रूप में कार्य करती है। इस आईडी में किसान का व्यक्तिगत विवरण, बैंक खाते की जानकारी तथा भू-अभिलेख (भुईया पोर्टल के अनुसार भूमि विवरण) लिंक रहता है। उर्वरकों का वितरण भी इसी दर्ज रकबे के आधार पर किया जाएगा।

शासन ने निर्देश दिए हैं कि सभी किसानों को शत-प्रतिशत फार्मर आईडी उपलब्ध कराई जाए। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य बिचौलियों पर नियंत्रण करना, खाद की कालाबाजारी रोकना और वास्तविक किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना है।

जिन किसानों के पास अभी तक फार्मर आईडी नहीं है, उन्हें जल्द से जल्द पंजीयन कराने के लिए कहा गया है। किसान स्वयं एग्रीस्टैक पोर्टल पर या अपने नजदीकी सहकारी समिति अथवा चॉइस सेंटर में जाकर आधार कार्ड, बैंक पासबुक और बी-1 (खसरा) दस्तावेज जमा कर पंजीकरण करा सकते हैं।

फार्मर आईडी से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, कृषि विभाग या राजस्व विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने ली पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक

- » गांवों की जरूरतों के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर करें फोकस : कलेक्टर
- » जल संरक्षण से बढ़ेगी ग्रामीण आय, नवा तरिया आय का जरिया योजना को मिलेगा बढ़ावा
- » निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं नियमित मॉनिटरिंग करने अधिकारियों को दिए निर्देश

**समवेत शिखर संवाददाता**



**जांजगीर-चांपा।**कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा विभिन्न विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे मौजूद रहे।

कलेक्टर ने जल संरक्षण व जल संवर्धन संरचनाओं के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने हेतु नए तालाब (मोर तरिया आय के जरिया) के निर्माण तथा उनसे जुड़े आजीविका गतिविधियों को विकसित करने कहा। इसके साथ ही आजीविका डबरी निर्माण करने और युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से ही कार्यों के चयन एवं प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मनरेगा के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को समय-सीमा में पूर्ण करने, अपूर्ण आवासों को प्राथमिकता के साथ शुरू करने एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन, आवास निर्माण एवं स्वच्छता गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि गांवों में पेयजल से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न होने एवं शिकायत प्राप्त होने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा को लेकर विभागों को सभी आवश्यक जानकारी तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर कचरा संग्रहण एवं सामुदायिक शौचालयों के नियमित उपयोग एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाते हुए 'लखपति दीदी' पहल के तहत बैंक लिंकेज से जोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान सचिव, सरपंच एवं पंचों के नियमित प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा पेंशन योजना, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पोषण पखवाडा का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने, सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग, पशुधन विकास विभाग, मनरेगा, एनआरएलएम, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े जिला एवं जनपद पंचायत अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ई-चालान प्रणाली से बदलेगी वित्तीय व्यवस्था ऑनलाइन प्रक्रिया से बढ़ेगी पारदर्शिता

### मैनुअल चालान पूरी तरह बंद, अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**समवेत शिखर संवाददाता**

**सक्ती।** जिले में शासकीय राजस्व जमा की व्यवस्था अब पूरी तरह डिजिटल हो गई है। मैनुअल (भौतिक) चालान प्रणाली को समाप्त करते हुए ई-कोष पोर्टल के माध्यम से ई-चालान प्रणाली लागू कर दी गई है, जिससे अब सभी प्रकार के चालान ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

इस संबंध में जिला कोषालय सक्ती के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ई-चालान मॉड्यूल के जरिए ओटीसी (ओवर द काउंटर) चालान जमा करने हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य संबंधित अधिकारियों को नई ऑनलाइन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना और उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाना था, ताकि व्यवस्था के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की परेशानी न आए।

जिला कोषालय अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2026 से मैनुअल चालान पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। अब केवल ई-चालान के माध्यम से ही राजस्व जमा किया जाएगा। ओटीसी सुविधा के तहत चालान का विवरण सीधे ऑनलाइन बैंक को भेजा जाएगा, जिससे बैंक स्तर पर दोबारा एंट्री की आवश्यकता समाप्त होगी और समय की बचत होगी।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बैंक काउंटर पर केवल वही चालान स्वीकार किए जाएंगे, जो ऑनलाइन जनरेट किए गए हों और जिनमें ट्रेजरी रेफरेंस नंबर (ज्ञत्रह) अंकित हो। इससे पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल और त्रुटिरहित बनेगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नई व्यवस्था को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू करना सुनिश्चित करें। इस डिजिटल प्रणाली के लागू होने से कार्यों में तेजी आएगी, त्रुटियों में कमी होगी तथा राजस्व जमा की प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और सुगम बनेगी।

कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों के प्रबंधक एवं आहरण-संवितरण अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# हरी खाद : मिट्टी की खोई उर्वरता बढ़ाने का प्राकृतिक समाधान

**समवेत शिखर संवाददाता**

**सूरजपुर।** मिट्टी की घटती उर्वरता और रासायनिक उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता को लेकर कृषि विभाग गंभीर दिखाई दे रहा है। जिसके बेहतर व समाधान के रूप में विभाग द्वारा जिले के किसानों से, हरी खाद अपनाने का आह्वान किया है।

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि बढ़ती जनसंख्या और घटते जोत के कारण किसान एक ही भूमि पर सघन खेती करने को विवश हैं। इससे मिट्टी में जैविक कार्बन एवं पोषक तत्वों की तेजी से गिरावट आ रही है। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग और पशुधन में कमी के चलते गोबर खाद की उपलब्धता भी घटती जा रही है। ऐसी विषम परिस्थिति में मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखने का सबसे सरल, सस्ता और टिकाऊ उपाय हरी खाद ही है। कृषि विभाग की उप संचालक सुश्री सम्पदा पैकरा ने किसानों को हरी खाद अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि यह न केवल मिट्टी को पुनर्जीवित करने का सबसे सस्ता उपाय है, बल्कि टिकाऊ खेती की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है।



हरी खाद (ग्रीन मेन्युर) उन फसलों को कहते हैं जिन्हें विशेष रूप से उगाकर हरी अवस्था में ही खेत में जुताई करके मिट्टी में मिला दिया जाता है। ये मुख्यतः दलहनी फसलें होती हैं जिनकी जड़ों में पाया जाने वाला राइजोबियम जीवाणु वायुमंडलीय नाइट्रोजन को मिट्टी में स्थिर करता है - वही काम जो किसान अब तक महंगे यूरिया से कराता आया है। हरी खाद की प्रमुख फसलों में ढैंचा, सन, मूंग, उड़द, लोबिया, चरोटा, ग्वारफली एवं बरसीम शामिल हैं।


हरी खाद के उपयोग से मिट्टी में नाइट्रोजन स्थिरीकरण होता है, फॉस्फोरस की घुलनशीलता बढ़ती है और जिंक, आयरन, कॉपर, मैग्नीज जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व भी सुलभ हो जाते हैं। मिट्टी की भौतिक संरचना सुधरती है, वह नरम और भुरभुरी बनती है तथा जल धारण क्षमता बढ़ने से सूखे में भी फसल को राहत मिलती है। इसके साथ ही खरपतवारों का प्राकृतिक नियंत्रण होता है, लाभकारी मृदा जीवाणुओं की संख्या बढ़ती है और आगामी फसल में कीट व रोग का प्रकोप घटता है। सबसे महत्वपूर्ण यह कि रासायनिक खाद की जरूरत कम होने से किसान की उर्वरक लागत में उल्लेखनीय कमी आती है और आय में वृद्धि होती है।

जिला सूरजपुर के सहायक मृदा परीक्षण अधिकारी डॉ. तेजराम बंजारा ने किसानों को हरी खाद के संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि ढैंचा सर्वाधिक प्रभावी हरी खाद फसल है जो प्रति एकड़ 55 से 60 किलोग्राम नाइट्रोजन का स्थिरीकरण करती है, जो लगभग 120 से 130 किलोग्राम यूरिया यानी करीब तीन बोरी के बराबर है। सन से 45 से 50 किलोग्राम, बरसीम से 48 से 50 किलोग्राम तथा लोबिया एवं ग्वारफली से 22 से 30 किलोग्राम नाइट्रोजन प्रति एकड़ प्राप्त होती है।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी है कि खरीफ सीजन में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने पर मई माह में छिड़काव विधि से बुवाई करें। असिंचित क्षेत्रों में वर्षा से पूर्व जून माह में बुवाई करें और जब फसल 40 से 50 दिन की हो जाए, तब उसे हरी अवस्था में ही जुताई करके मिट्टी में मिला दें। रबी सीजन के लिए बरसीम एवं रिजका की बुवाई अक्टूबर-नवम्बर में करें और बुवाई से 50 से 60 दिन बाद खेत में पलटें।

# शिक्षा के विकास में समुदाय की मिसाल : ईसीसीई दिवस पर झपेली आंगनवाड़ी बना सीखने का जीवंत केंद्र

**समवेत शिखर संवाददाता**



**जांजगीर-चांपा।** बलौदा ब्लॉक के ग्राम झपेली में ECCE (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) दिवस के अवसर पर समुदाय की सशक्त भागीदारी ने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। 9 अप्रैल 2026 को आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 16 में आयोजित इस कार्यक्रम ने यह साबित किया कि जब समुदाय, विद्यालय और युवा एक साथ आते हैं, तो सीखने का वातावरण अधिक समृद्ध और प्रभावी बनता है।

इस अवसर पर सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, विद्यालय स्टाफ और विशेष रूप से 'राहत युवा समूह' के युवाओं ने मिलकर आंगनवाड़ी केंद्र को एक आकर्षक और सीखने योग्य वातावरण में परिवर्तित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस समूह के कुल 10 युवाओं का सहयोग प्राप्त हुआ, जिनमें से 5 युवा श्वष्टष्टश्व दिवस के आयोजन में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे। युवाओं ने केंद्र की सजावट, शैक्षणिक सामग्री की व्यवस्था और बच्चों के लिए अनुकूल माहौल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया, जिससे केंद्र एक जीवंत शिक्षण स्थल के रूप में उभरकर सामने आया।

कार्यक्रम में 11 पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पालकों को बच्चों के समग्र विकास के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी दी गई तथा उन्हें स्वयं शारीरिक गतिविधियों और बालगीतों में शामिल किया गया, ताकि वे घर पर भी बच्चों के साथ इन गतिविधियों को दोहरा सकें। इस सहभागिता ने पालकों को बच्चों के सीखने की प्रक्रिया से सीधे जोड़ने का कार्य किया।

आयोजन को और रोचक बनाने के लिए कुर्सी दौड़ और रूमाल झपट्टा जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें पालकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नाम-पट्ट पहनकर एक-दूसरे का अभिवादन करने जैसी गतिविधियों ने न केवल आपसी जुड़ाव बढ़ाया, बल्कि शिक्षा के महत्व को भी सहज रूप से अनुभव कराया।

इस अवसर पर सरपंच श्री चंद्रशेखर कश्यप ने सभी पालकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और प्रत्येक माह आयोजित होने वाले श्वष्टष्टश्व दिवस में सक्रिय सहभागिता की अपील की। साथ ही, बलौदा शहरी सेक्टर की सुपरवाइजर श्रीमती विनिता पांडे द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाता रहा, जिसके कारण ऐसे आयोजन सफलतापूर्वक संचालित हो सके। उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए आंगनवाड़ी शिक्षिका और पूरे गाँव को बधाई भी दी।

साथ ही, इस अवसर पर ÷टॉय बैंक÷ की एक नई पहल भी शुरू की गई है, जिसे 'राहत युवा समूह' द्वारा संचालित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्र में शैक्षणिक और खेल सामग्रियों की उपलब्धता बढ़ाना है, ताकि बच्चों को खेल-खेल में सीखने के अधिक अवसर मिल सकें। टॉय बैंक के माध्यम से बच्चों को विविध प्रकार के खिलौने, शिक्षण सामग्री और गतिविधि-आधारित संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उनके मानसिक, सामाजिक और रचनात्मक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल समुदाय से भी सहयोग आमंत्रित करती है, ताकि लोग स्वेच्छा से खिलौने और सामग्री का सहयोग प्रदान कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य में योगदान दे सकें।

राहत युवा क्लब, गाँव के युवाओं द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र समूह है, जिसका उद्देश्य शिक्षा और समग्र विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना है। यह क्लब विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से युवाओं के व्यक्तिगत विकास को प्रोत्साहित करता है तथा उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार करने में सहयोग प्रदान करता है। साथ ही, यह गाँव के अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने और जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन और समर्थन देने का प्रयास करता है।कार्यक्रम की सफलता में आंगनवाड़ी शिक्षिका रेखा अक्षयाप, सरपंच चंद्रशेखर कश्यप, प्रधान पाठक जगन्नाथ पाटले, गार्गी अग्रवाल तथा 'राहत युवा समूह' का विशेष योगदान रहा। यह पहल न केवल बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देती है, बल्कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से पूरे गांव में शिक्षा, जागरूकता और सामुदायिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश भी प्रसारित करती है।

## पांडुलिपि धरोहर हुई डिजिटल - ज्ञान भारतम एप में पंजीकृत हुईं 9 दुर्लभ प्राचीन पांडुलिपियां

**सूरजपुर।** जिले में प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटल पंजीयन की दिशा में लगातार सार्थक कदम उठाए जा रहें है, जिसके तहत भैयाथान विकासखंड के ग्राम अघिना भंडार निवासी श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा 08 प्राचीन पांडुलिपियाँ वहीं शिवप्रसादनगर गढ़ी के श्री पार्थसारथी द्वारा 01 दुर्लभ प्राचीन धार्मिक अनुष्ठान ग्रंथ को ज्ञान भारतम् एप में पंजीकृत किया गया है । उक्त विषय पर आज कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन द्वारा दोनों पांडुलिपि धारकों सीधा संवाद भी किया गया, इसके साथ ही उनके साथ विस्तारपूर्वक चर्चा कर पांडुलिपियों की विषयवस्तु, महत्व एवं उनसे जुड़ी जानकारी प्राप्त की गई।